

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर


नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | गुरुवार , 14 मई 2026 | वर्ष: 04, अंक: 57 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# मोदी सरकार ने बढ़ाई खरीफ फसलों की एमएसपी

## कैबिनेट : खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी, धान पर 72, सूरजमुखी के बीज पर बढ़ाए गये 622 रुपये

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्रीय कैबिनेट ने गुजरात के अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है और इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को गुजरात में अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा तक सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है। इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेल मंत्रालय की यह परियोजना भारतीय रेल की पहली सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना होगी, जिसे स्वदेशी तकनीक के आधार पर विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत करीब 134 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत बेहद महत्वपूर्ण है। धोलेरा को सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एविएशन कंपोनेंट और सोलर सेल निर्माण के बड़े हाईटेक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। धोलेरा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बनाया जा रहा है, जहां से यूरोप के लिए उड़ानें अरब सागर और मध्य-पूर्व के रास्ते संचालित की जा सकेंगी। वैष्णव ने कहा कि परियोजना से अहमदाबाद, धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र (एसआईआर), आगामी धोलेरा एयरपोर्ट और लोथल राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएचएमसी) के बीच तेज और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।







## केंद्र सरकार ने 37,500 करोड़ की सतही कोयला गैसीकरण योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश में सतही कोयला (लिग्नाइट) को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन सतही कोयले का गैसीकरण करके ऊर्जा उत्पन्न करने का है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसे बहुत बड़ा फैसला बताते हुए कहा कि भारत के पास लगभग 200 साल का कोयला भंडार है और अब इसका उपयोग गैस बनाने में किया जाएगा। इस योजना से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की संभावना है। गैसीकरण से देश की ऊर्जा निर्भरता कम होगी और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी),

### नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण परियोजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** नागपुर एयरपोर्ट को नई पहचान मिलने वाली है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और उन्नयन को मंजूरी दे दी है। सरकार ने एयरपोर्ट के विकास के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी भागीदारी को हरी झंडी दिखाई है। इसके तहत जीएमआर नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड अगले 30 वर्षों तक एयरपोर्ट के विकास, संचालन और प्रबंधन का काम संभालेगी। सरकार के इस फैसले के बाद नागपुर एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है।

## कैबिनेट फैसलों से ऊर्जा सुरक्षा को मिलेगी मजबूती: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत देने के लिए लगातार बड़े फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री ने कैबिनेट द्वारा लिए गए चार प्रमुख निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये फैसले देश में विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को कुल 3,18,165 करोड़ रुपये के चार बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन, कोल गैसीफिकेशन परियोजनाओं को बढ़ावा और अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना शामिल हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि देशभर के किसान भाई-बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय में वृद्धि के लिए हम निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं।



### कैबिनेट ने खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी

पीएम मोद ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2026-27 के मार्केटिंग सीजन के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से देश के करोड़ों अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिलेगा तथा उनके जीवन में खुशहाली आएगी। प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट से जुड़े फैसले को शहर के बुनियादी ढांचे के लिए बड़ा प्रोत्साहन बताते हुए कहा कि इससे नागपुर एक प्रमुख एविएशन और कार्गो हब के रूप में तेजी से उभरेगा।

उन्होंने कहा कि इससे संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और विकास के नए अवसर पैदा होंगे। मोदी ने अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाईस्पीड डबल लाइन परियोजना को भारत के रेल आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह देश की पहली सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान के गठजोड़ का पर्दाफाश: विदेश मंत्रालय

**पुडुचेरी/एजेंसी**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उप राज्यपाल कैलाशनाथन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। आज सुबह 9:47 बजे उप राज्यपाल भवन परिसर में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एन. रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। मल्लाडी कृष्णा राव ने तेलुगु में शपथ ली। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान से हुई, जबकि तीसरे क्रम में तमिल थाई वाज्थु गाया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एक सप्ताह के भीतर मंत्रियों का पूर्ण शपथ ग्रहण होगा।







# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, 2 की मौत, 4 घायल

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहा देर रात एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई,जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक फतेहपुर जनपद के रहने वाले 6 लोग कार में सवार हो कर एक शादी समारोह में शामिल होकर मंगलवार की रात वापस फतेहपुर लौट रहे थे। इसी दौरान सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन गांव के पास हाईवे पर स्विफ्ट डिजायर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और



उसमें सवार सभी 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में राजेश यादव और राहुल पटेल की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि अरविंद, अनिल, प्रदीप और देवनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज भिजवाया,जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस जांच के दौरान कार से शराब की बोतल भी बरामद हुई है,जिससे आशंका जताई जा रही है कि हादसा शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से हुआ है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

मृतक दोनों लोगों के शव कों कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी परिवार वाले लोगों को दी गई है जिस पर परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की दर्दनाक मौत

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलाक नागर गांव में बुधवार देर शाम मूरतगंज से काजू जाने वाले मार्ग पर एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने पैदल जा रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई जानकारी के मुताबिक भगवान दीन पाल पुत्र स्वर्गीय रामसरन निवासी मलाक नागर थाना चरवा बुधवार की शाम खेत की ओर से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि भगवान दीन पाल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम हुआ है।

## डीएम ने वी.एच.एस.एन.डी. सेशन का किया निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज सामुदायिक भवन,कोखराज में आयोजित वी.एच.एस.एन.डी. सेशन का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ए.एन.एम. से आज जांच के लिए आई गर्भवती महिलाओं की संख्या, किए गए टीकाकरण, बच्चों की नियमित टीकाकरण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा एच.आर.पी. महिलाओं की संख्या एवं उनकी मॉनिटरिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं की समय से स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पंजिका का अवलोकन करते हुए कहा कि ड्युलिस्ट के अनुसार शत-प्रतिशत बच्चों टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

## गाजीपुर थाने में कप्तान ने सुनी फरियाद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर** । बुधवार को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा थाना गाजीपुर में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं/शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बनाए रखें।

## पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ त्वरित मिलें - डीएम



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर** । जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा, सहायता एवं कल्याण से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ त्वरित एवं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराया जाए तथा संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वाराणसी निगम: सफाई कर्मियों को एक अप्रैल से ही मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**इसी माह में जारी हुआ शासनादेश, नगर निगम ने तत्काल प्रभाव से किया लागू, सुबह सफाई कर्मियों ने किया था प्रदर्शन**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने शासनदेश के तहत आउटसोर्सिंग पर तैनात सफाई कर्मियों का वेतन एक अप्रैल 2026 बढ़ाने का निर्णय लिया है। ऐसे में अब आउटसोर्सिंग के सफाई कर्मियों को प्रतिमाह 13,006 रुपये मानदेय मिलेगा। यही नहीं करीब चार हजार सफाई कर्मियों को पिछले दो माह का एरियर (बकाया) भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। यह जानकारी बुधवार शाम नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय ने दी।
बताया गया कि वेतन वृद्धि को लेकर पिछले कुछ दिनों से सफाई कर्मियों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है ।कुछ कर्मचारी संगठनों ने दावा किया था कि शासन ने वेतन बढ़ाकर 18,000 से 20,000 रुपये कर दिया है। इस पर विराम लगाते हुए अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने स्पष्ट किया कि वेतन वृद्धि सम्बंधी शासनादेश इसी माह प्राप्त हुआ है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अगले माह से कर्मियों के बैंक खातों में बढ़ी हुई धनराशि आएगी। सफाई कर्मी 'अकुशल' श्रेणी में आते हैं,। ऐसे में शासनादेश के तहत उनका मानदेय 13,006 तय किया गया है। इसमें 765 रुयये महंगाई भत्ता भी शामिल है.।
उन्होंने सफाई कर्मियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं और न ही भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास करें। मानदेय में वृद्धि के साथ-साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी इन कर्मियों तक पहुंचाया जा रहा है, जिसके तहत अब सफाई कर्मियों को 'आयुष्मान भारत योजना' व नमस्ते योजना से भी आच्छादित किया जा रहा है ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बताते चले वेतन वृद्धि को लेकर ही बुधवार को सफाई कर्मियों ने मालवीय चौराहा लंका और मलदहिया चौराहे पर जमकर प्रदर्शन किया था।

## तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** किशनपुर पुलिस वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष किशनपुर द्वारा शातिर अभियुक्त राजेश निषाद पुत्र सीताराम निषाद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम अफजलपुर मजरे गढ़ा थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को एक अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## कल्याणपुर पुलिस द्वारा 2 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**फतेहपुर** । एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कल्याणपुर पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्त दीपक पुत्र भूरा उर्फ प्रेमनारायण निवासी हंसी निवादा थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर व वारंटी अभियुक्त गुड्डू पुत्र नेता निवासी सेढवा थाना बारासगवर जनपद उन्नाव उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

## नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राधानगर पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। तथा वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र रोहित कुमार निवासी भरोसा पूर्वा मजरा संभुवा थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**
प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर लाल श्रीवास्तव. उपनिरीक्षक लालबहादुर पाल. कांस्टेबल राजकुमार पाल।

## साइबर जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी** । बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में साइबर थाना पुलिस द्वारा मदर इंडिया इंटरमीडिएट कॉलेज करारी एवं पंचायत भवन हकीमपुर में विद्यार्थियों व ग्रामवासियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।
इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक शिवचरण राम, उप निरीक्षक दिलीप कुमार यादव, साइबर एक्सपर्ट संदीप कुमार, कांस्टेबल निखिल, कांस्टेबल धर्मेंद्र एवं कांस्टेबल अनूप द्वारा डिजिटल अरेस्ट स्कैम, इन्वेस्टमेंट स्कैम, फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर ठगी, सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी, अश्लील वीडियो का झांसा देकर ब्लैकमेलिंग, एपीके फाइल भेजकर ठगी, वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैनिंग फ्रॉड, ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम, ऑनलाइन नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी, पैसे वापसी स्कैम, विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, फर्जी लिंक भेजकर गेमिंग के नाम पर ठगी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्राइवेट फोटो/वीडियो वायरल होने की स्थिति में उन्हें हटाने हेतु स्टॉप एनसीआईआई (StopNCII) पोर्टल की जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं वेबसाइट cybercrime.gov.in के बारे में जागरूक किया गया।

## डीजल खर्च में कटौती के लिए नगर निगम करेगा खास उपाय

**अयोध्या।** डीजल खर्च में कमी लाने के लिए नगर निगम खास उपाय करेगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ विमर्श के बाद महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने यह निर्देश दिया है।
नगर आयुक्त ने बताया कि डीजल खर्च में कटौती के लिए विभागों को जनरेटर का प्रयोग अत्यंत आवश्यक होने पर ही करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि कार्यालय संचालन में जनरेटर का संचालन कम से कम किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकारी वाहन के संचालन में कमी लाने की निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों से अपेक्षा की गई है कि सार्वजनिक वाहन से ही कार्यालय आएं। महापौर ने पार्षदों से भी अधिक डीजल खर्च वाले वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहन या दोपहिया का प्रयोग करने को कहा है।

**बड़ामंगल भंडारा स्थलों पर सफाई व पेयजल का प्रबंध करेगा नगर निगम**

नगर निगम ने बड़ा मंगल को होने वाले भंडारा के दौरान आवश्यकतानुसार पेयजल का प्रबंध, सफाई के लिए डस्टबिन तथा सफाई संबंधी अन्य प्रबंध करने का निर्णय लिया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 18003131277 जारी किया है। महापौर ने भंडारा आयोजकों से अपेक्षा की है कि टोल-फ्री नंबर पर सूचना दें।

# एसएसपी द्वारा आरटीसी हॉल में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम सीसी टीम की समीक्षा बैठक की गई आयोजित

**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित आरटीसी हॉल में जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (ऋ़) के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम हेतु गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सी0सी0 टीम) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में गठित 13 क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सी0सी0 टीम) के प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी एवं सी0सी0 टीम प्रभारी ने प्रतिभाग किया । बैठक में जनपद के क्रिटिकल कॉरिडोर थानों के विभिन्न मार्गों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों का विश्लेषण एवं उक्त से संबंधित प्रवर्तन एवं विवेचनात्मक कार्यवाही की



विस्तृत समीक्षा की गई।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक के दौरान सी0सी0 टीम को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरती जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में विशेष रूप से ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन संचालन, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन संचालन तथा भारी वाहनों की लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सी0सी0 टीम को दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रिस्पॉन्स देते हुए घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देशित किया गया।

एसएसपी द्वारा सी0सी0 टीम के कार्यों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य एवं सराहनीय प्रदर्शन करने वाले *क्रिटिकल कॉरिडोर टीम थाना सिकंदराबाद एवं थाना छतारी* के पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# कोखराज में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही डीएम ने कराया निस्तारण

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल नेह्लटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत आज तहसील सिराथू की ग्राम कोखराज में आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।

जिलाधिकारी ने भूमि से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों को सुना तथा उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने



सचिव,ग्राम पंचायत से कहा कि कार्ययोजना में शामिल कर ग्राम की सरकारी भूमि को शासकीय कार्यों एवं परियोजनाओं के लिए उपयोग किया जाए।

कैम्प में मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों ने अवगत कराया कि उन्हें आवास एवं पेंशन आदि का लाभ नहीं मिल रहा है एवं हैंडपंप क्रियाशील नहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने सचिव,ग्राम पंचायत को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने तथा हैंडपंप को क्रियाशील कराने के निर्देश दिए।

कैम्प में शिकायतकर्ता मानिकचंद की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच में पाया कि भूमि विवाद से संबंधित धारा 116 का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इसी प्रकार ग्राम की गाटा संख्या 1485 की पैमाइश कर सीमांकन करते हुए ग्राम प्रधान/ ग्राम विकास अधिकारी को चकरोड बनाए जाने के लिए सुपुर्द कर दिया।
शिकायतकर्ता मसूरियादीन की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 77 की जांच में पाया गया कि प्रकरण सिविल न्यायालय में विचाराधीन है।

# अभियोजन कार्यों की पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जनपद में लंबित अभियोगों, विवेचनाओं एवं न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियोजन कार्यों में तेजी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को समयबद्ध एवं कठोर दण्ड दिलाया जाए। बैठक में गंभीर अपराधों से संबंधित प्रकरणों की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए गवाहों की उपस्थिति, साक्ष्यों के संकलन, केस डायरी के समय से प्रेषण एवं न्यायालयीन कार्यवाही में समन्वय बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महिला एवं बाल अपराध, गैंगस्टर, पॉक्सो एक्ट तथा अन्य संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्रवाई




सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियोजन अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराएं तथा न्यायालय में मजबूत पैरवी के माध्यम से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अभियोजन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, दोषसिद्धि दर बढ़ाने एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# पूर्व प्रधान हत्याकांड का खुलासा, 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के आलमचंद्र गांव में हत्या की घटना का अनावरण करने का दावा पुलिस ने किया है। इस मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 4 मई को सूरज कुमार निवासी ग्राम आलमचंद्र थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि सुबह लगभग 5 बजे पिता मनोज कुमार (45) घर से माहेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज आलमचन्द्र के पीछे टहलने निकले थे तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाई जिसमें वे घायल हो गये। घायल मनोज कुमार को परिजनों द्वारा नजदीकी अस्पताल में उपचार कराने के बाद एसआरएन हॉस्पिटल प्रयागराज में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर संदीपनघाट में धारा 109(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। संदीपनघाट पुलिस एवं फील्ड यूनिट, फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष्य संकलन किया गया। एसपी सत्यनारायण द्वारा स्थलीय



निरीक्षण करते हुए घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसओजी, सर्विलांस, साइबर आदि टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे। 5 मई को एसआरएन हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मनोज कुमार की मृत्यु हो गयी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। विवेचना के क्रम में धारा 109(1) बीएनएस के स्थान पर धारा 103(1) बढ़ाई गई।

विवेचना में गठित टीमों द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन एवं इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से घटना के अनावरण का प्रयास एवं अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। 13 मई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा दो व्यक्ति सुलखान सिंह और नीरज निवासीगण ग्राम पट्टी नरवर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को आदमपुर बसेड़ी से गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की गयी। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पूर्व प्रधान मनोज कुमार की हत्या योजना बनाने एवं हत्या करने के उद्देश्य से गोली मारकर भाग जाने की बात स्वीकार की गयी। दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक तमंचा 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल गंगा नदी के काटी कछार अन्तर्गत थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ से बरामद की गई। विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में धारा 238/3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट एवं 27 भारतीय साक्ष्य अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# काल बनी आंधी: दवा लेकर लौट रही मां और मासूम बेटे को दीवार ने लील लिया

## तेज तूफान में पलभर में उजड़ गया परिवार, छह साल के बेटे संग मां की दर्दनाक मौत से गांव में पसरा मातम

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** बुधवार शाम आई तेज आंधी और तूफान ने सराय सुल्तान उर्फ अलीपुर गांव में ऐसा कहर बरपाया कि एक परिवार की दुनिया ही उजड़ गई। बीमार बेटे को दवा दिलाकर घर लौट रही मां को क्या पता था कि रास्ते में मौत उनका इंतजार कर रही है। तेज हवाओं के बीच अचानक गिरी दीवार ने मां और मासूम बेटे को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम पंचायत सराय सुल्तान उर्फ अलीपुर निवासी सविता देवी (30) पत्नी संदीप प्रजापति अपने



छह वर्षीय बेटे अनुपम को दवा दिलाने के लिए गई थीं। अनुपम कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। बुधवार शाम करीब पांच बजे मां-बेटा दवा लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया।

बताया जाता है कि दोनों ग्राम सचिवालय जोगिया शेखपुर के सामने स्थित अनिल गुप्ता की वेल्डिंग एवं लकड़ी की दुकान के पास पहुंचे ही थे कि तेज हवा के दबाव से दुकान के बगल की दीवार



भरभराकर गिर पड़ी। देखते ही देखते मां और बेटा मलबे के नीचे दब गए। आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मां और बेटे की सांसें थम



चुकी थीं।

हादसे की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया। हर आंख नम हो उठी। मृतका सविता अपने पीछे तीन बेटियां–संजना (16), रंजना (12), राधा (10) और दो बेटे अनूप (8) व अनुपम को छोड़ गई हैं। अनुपम परिवार का सबसे छोटा और बेहद लाड़ला बेटा था।

परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर है। मृतका का पति संदीप प्रजापति भिवंडी में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है, जबकि देवर दिलीप भी बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

सूचना पर एसीपी विवेक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं उपजिलाधिकारी फूलपुर अविनाश यादव ने पीड़ित परिवार को शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## चक्रवात से मची तबाही, सैकड़ो पेड़ धराशाई यातायात बाधित

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बहरिया।** बुधवार को आए चक्रवाती तूफान और बारिश से इलाके में भारी नुकसान हुआ। सैकड़ो पेड़ धराशाई हो गए और लोगों के टीन छप्पर उड़ गए। बकसेड़ा, सिकंदरा, तुलापुर सहित कई जगह पेड़ गिरने से सोरांव फूलपुर मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। ब्लाक मुख्यालय पर पेड़ गिरने से बाउंड्री वॉल और आवास क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रांसफार्मर भी धराशाई हो गया। तुलापुर निवासी युवक आकाश यादव सिकंदरा तिराहे से वापस अपने घर जा रहा था जिस पर महुआ के पेड़ की डाल गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। मौके पर पहुंचे राधारमण पी जी कालेज तुलापुर सिकंदरा के प्रबंधक रावेंद्र मिश्र के द्वारा युवक को तत्काल पेड़ के नीचे से निकलवा कर उपचार के लिए प्रयागराज ले जाया गया है। चक्रवात से दर्जनों स्थानों पर गिरे पेड़ एवं खंम्भो से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। जो लगभग दो दिन तक बहाल होना संभव नहीं दिख रहा है।

## महिला से मंगलसूत्र की छिनैती करने वाला आरोपी मंगलसूत्र के 48 घण्टे में गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज द्वारा रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनो में बढ़ती चोरी/छिनैती की घटनाओं की रोकथाम, अवैध तस्करी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के मद्देनजर चलायें जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह थाना जीआरपी प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में उ०नि० भूपेन्द्र कुमार थाना जीआरपी प्रयागराज व आरपीएफ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10/05/2026 को रेलवे स्टेशन प्रयागराज जं० के आउटर पर चलती ट्रेन नं0-15017 काशी एक्स० के कोच नं- र2 सीट नं0-7 पर यात्रा कर रही महिला यात्री श्रीमती संगीता त्रिपाठी पत्नि अवधेश त्रिपाठी निवासी सरैया थाना- जफराबाद जिला-जौनपुर के गले से मंगलसूत्र की छिनैती करने वाला शातिर अभ्यस्त 01 नफर अभियुक्त शानू उर्फ शान मोहम्मद पुत्र शाह मोहम्मद निवासी शाहगंज पुरानी बाजार सोरांव थाना सोरांव जनपद प्रयागराज उम्र 32 वर्ष को प्रयागराज जं० के प्लेटफार्म न0 1 के हावडा इण्ड के आगे सैलून यार्ड के सामने स्थित मंदिर के पास कालोनी को जाने वाली गली से गिरफ्तार कर उपरोक्त के कब्जे से घटना से सम्बन्धित 01 अदद पीली धातु का मंगलसूत्र वजन 6.845 ग्राम बरामद करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## चलती बस से उतरते वक्त हैंडल में फंसा किशोर, गर्दन टूटने से मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मेडिकल चौराहे के पास बुधवार शाम दर्दनाक हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। चलती रोडवेज बस से उतरते समय वह हैंडल में फंस गया। जोरदार झटके से उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई और मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान 17 वर्षीय अनुज कुमार के रूप में हुई है। वह मूल रूप से लखनऊ के निराला नगर का रहने वाला था। वर्तमान में सोरांव में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर शहर में बसों में पानी बेचने का काम करता था।

बताया गया कि शाम के समय अनुज मेडिकल चौराहे के पास रोडवेज बस में चढ़कर यात्रियों को पानी बेच रहा था। बस धीमी होने पर वह नीचे उतरने लगा, तभी संतुलन बिगड़ गया और गेट के हैंडल में फंस गया। इसी दौरान बस आगे बढ़ी और झटके से उसकी गर्दन टूट गई।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची जार्जटाउन पुलिस ने जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए पहचान कर स्वजन को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा में डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत संचालित सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी व अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को सड़कों के अनुरक्षण, मरम्मत तथा नई सड़कों के कार्यों को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने विभिन्न विकास खण्डों में निमार्णाधीन एवं पूर्ण हो चुकी सड़कों के संख्या व प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सम्पर्क उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, जिससे गांव के लोगो को आवागमन में सुगमता हो। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों एवं अनुरक्षण के कार्यों में मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये तथा जहां भी कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां आवश्यक संसाधन बढ़ाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण व अनुरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी शशिकांत, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण एसपी मिश्रा शाहिद अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में एबीवीपी के विरोध प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई, चौकी इंचार्ज व कांस्टेबल लाइन हाजिर



**कानपुर।** काकादेव कोचिंग मंडी में नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकताओं ने न्यू स्पीड कोचिंग चौराहे पर विशाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। अभाविप कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ मारपीट की। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने पांडु नगर चौकी इंचार्ज निखिल शर्मा और कांस्टेबल आशुतोष पांडे को लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही पूरे मामले की जांच कराने की बात कही गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो, पेपर माफियाओं को गिरफ्तार करो और एनटीए की जवाबदेही तय करो जैसे नारे लगाए। शहर के विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों से पहुंचे सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रदर्शन में भाग लिया और नीट-यूजी परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं के खिलाफ नाराजगी जताई।

अभाविप के प्रांत मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि करोड़ों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन लगातार सामने आ रही अनियमितताएं उनकी मेहनत और विश्वास दोनों को आहत कर रही हैं। गुंजन कुमार ने कहा कि नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में भ्रष्टाचार और पेपर लीक विद्यार्थियों के सपनों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमित शुक्ला ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियां शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए और परीक्षा प्रक्रिया को तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाया जाए।

प्रान्त सहमंत्री मयंक पासवान ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रहित और शिक्षा की गरिमा की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

महानगर मंत्री सुधांशु त्रिपाठी ने मांग की कि पूरे नीट-यूजी प्रकरण की जांच किसी उच्चस्तरीय केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए तथा परीक्षा माफियाओं के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म किया जाए।

प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य गुंजन, आशुतोष तिवारी, हर्षित पाण्डेय, कृष्णा भदौरिया, मानस यादव, मयंक चौहान, अनुराग, एल्विन, आलोक सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### करीब 11 महीने बाद पुलिस ने युवती को बरामद किया, बस स्टैंड के पास दबोचा गया आरोपी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में फूलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने करीब 11 महीने से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। आरोपी को बुधवार को फूलपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में




अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के नेतृत्व में थाना फूलपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त बुद्धराम उर्फ राज बिन्द निवासी रकबवा थाना फूलपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने 22 जून 2025 को क्षेत्र की एक नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। मामले में परिजनों की तहरीर पर थाना फूलपुर में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तभी से आरोपी फरार चल रहा था।

बुधवार को थाना फूलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को फूलपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया गया।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने संवारी कानपुर के हुनरमंदों की तकदीर : अंजनीश प्रताप

**कानपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना कानपुर के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मार्ग में मील का पत्थर साबित हो रही है। हमारे युवा अब केवल रोजगार के आकांक्षी नहीं हैं, बल्कि वे स्वयं रोजगार के सृजक बनकर प्रदेश की उन्नति में सहभागी बन रहे हैं। प्रशासन ऐसे सभी उत्साही उद्यमियों को हरसंभव सहयोग और मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बातें बुधवार को उपायुक्त उद्योग, कानपुर अंजनीश प्रताप सिंह ने कही।

उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना कानपुर के महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए प्रगति का नया द्वार खोल रही है। इस योजना के माध्यम से मिलने वाले वित्तीय सहयोग और प्रोत्साहन ने जिले के कई शिक्षित युवाओं को स्वावलंबन की राह दिखाई है। अपनी मेहनत और सरकार के सहयोग से इन युवाओं ने न केवल स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया है, बल्कि आज वे दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं।

**लेदर शिल्पकला में नवीन का आधुनिक प्रयोग**

कानपुर के गुजैनी निवासी नवीन गुप्ता ने अपने पारम्परिक लेदर कार्य को आधुनिक व्यावसायिक दृष्टिकोण के साथ नई ऊंचाई दी है। वर्ष 2025 में योजना अंतर्गत प्राप्त पांच लाख रुपये के ऋण की सहायता से उन्होंने घुड़सवारी (हॉर्स राइडिंग) से संबंधित विशिष्ट उत्पादों का निर्माण प्रारम्भ किया। आज वे न केवल उच्च गुणवत्ता वाले लेदर गियर और राइडर्स के लिए विशेष परिधान तैयार कर रहे हैं, बल्कि लगभग सात लाख रुपये के वार्षिक टर्नओवर के साथ सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

**युसरा का स्टार्टअप: स्वाद और स्वास्थ्य का बेजोड़ संगम**


डिप्टी पड़ाव की निवासी और कानपुर विश्वविद्यालय से एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की छात्रा युसरा राबिया फातिमा ने अपनी विशेषज्ञता का उपयोग महिलाओं के स्वास्थ्य कल्याण हेतु किया है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से प्राप्त पांच लाख 75 हजार रुपये की सहायता से उन्होंने अपने स्टार्टअप 'जॉयलिशियस' के अंतर्गत 'फेम फ्लेवर्स' नामक एक विशेष सेगमेंट की शुरूआत की है। उन्होंने तीन छात्राओं को नौकरी भी दी है। युसरा द्वारा विकसित 'पोस्टपार्टम फटीग कुकी कप्स' पारंपरिक पोषण और आधुनिक स्वाद का एक अनूठा फ्यूजन हैं, जो प्रसव के बाद महिलाओं में होने वाली पोषक तत्वों की कमी और थकान को प्राकृतिक रूप से दूर करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 2700 युवाओं को मिलेगा बिना ब्याज का ऋण

**मुरादाबाद ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत जिले में 2700 युवाओं को स्वरोजगार के लिए पांच-पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को चार स्थानों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

सहायक उद्योग आयुक्त योगेश कामेश्वर ने बताया कि योजना वर्ष 2026-27 में मुरादाबाद जिले को 2700 का लक्ष्य मिला है। इसमें 21 से 40 वर्ष आयु तक के युवा




अपना स्वयं का रोजगार व नई इकाई /उद्योग स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी ब्याज के बैंकों के माध्यम से ले सकते हैं। युवा आवेदन विभाग की वेबसाइट https://msme.up.gov.in/ पर भेज सकते हैं। इसके लिए 14 मई को सुबह 11 बजे से ब्लॉक ठाकुरद्वारा व ब्लॉक मूंढापांडे व दोपहर बाद तीन बजे से नगर पालिका ठाकुरद्वारा व नगर पंचायत महमूदपुर माफी में शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऋण आवेदनपत्र में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता अंकपत्र, बैंक पासबुक, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र (यदि हो) की फोटोप्रति, कुटेशन एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता कक्षा आठ पास होनी चाहिए। इसमें स्वयं का अंशदान 15 प्रतिशत, पिछड़ी जाति के लिए 12.5 प्रतिशत व अनुसूचित जाति का अंशदान 10 प्रतिशत होगा।

## जनगणना-2027 के स्वगणना की धीमी गति पर नाराजगी, कार्य में तेजी लाने निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को संगम सभागार में जनगणना-2027 के अन्तर्गत स्वगणना कार्य की समीक्षा की। स्वगणना के धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्वजनगणना के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी शिक्षकों का स्वयं की स्वगणना के साथ-साथ अन्य लोगो को स्वगणना हेतु प्रेरित करने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को सभी ग्राम प्रधान, बीडीसी, ब्लाक प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगो की स्वगणना कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वगणना के कार्य को गम्भीरता से लेने तथा स्वगणना के कार्य को प्राथमिकता पर ब्लाकों, तहसीलों, नगर पंचायत व नगर निगम में अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगो की स्वगणना कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने आशा, आंगनबाड़ी, रोजगार सेवकों को स्वयं की तथा अपने-अपने क्षेत्र में अन्य लोगो की ज्यादा से ज्यादा स्वगणना कराये जाने के लिए कहा है।

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर विजय भारतीया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** शिवकुटी पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर विजय भारतीया को रिवरफ्रंट रोड स्थित रामजानकी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। थरवई के सहजीपुर निवासी आरोपी थाना सिविल लाइंस में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ प्रयागराज के कई थानों में लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के 14 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें फाफामऊ, दारागंज, झूंसी, जार्जटाउन और सिविल लाइंस थानों के मामले शामिल हैं।

# 46 साल पुराने प्रकाश नारायण पांडे हत्याकांड में पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार को उम्रकैद

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाई सजा, डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का लगाया अर्थदंड

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** 46 वर्ष पुराने चर्चित प्रकाश नारायण पांडे हत्याकांड में एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर डेढ़ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

एमपी-एमएलए अदालत के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने बुधवार दोपहर बाद पूर्व विधायक विजय मिश्रा, संतराम, बलराम और जीत नारायण को सजा सुनाई। इससे पहले मंगलवार को अदालत ने चारों को दोषी करार दिया था।

अभियोजन के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के हथिगहां निवासी श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि 11 फरवरी 1980 को उनका भाई प्रकाश नारायण पांडेय दीवानी परिसर में जमानत कराने आया था। वह छोटे लाल की होटल पर बैठा था, तभी पीछे के रास्ते से संतराम, बलराम, विजय मिश्रा और जीत नारायण असलहों के साथ पहुंचे और प्रकाश नारायण पांडेय को गोली मार दी। घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए थे।

गोली लगने के बाद पुलिस प्रकाश नारायण को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील वैश्य ने बताया कि अदालत ने आईपीसी की धारा 302 में सभी दोषियों को कठोर आजीवन कारावास और एक-एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। वहीं धारा 307 में 10-10 वर्ष की कैद और 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में भारी भीड़ रही। सुरक्षा के मद्देनजर कचहरी परिसर से लेकर अदालत कक्ष तक भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बाहुबली विजय मिश्रा को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया।

वह वर्तमान में आगरा जेल में निरुद्ध हैं।

अभियोजन पक्ष के अनुसार यह वारदात पुरानी रंजिश का परिणाम थी। मुकदमे की सुनवाई दशकों तक चलती रही और इस दौरान केस डायरी व पत्रावली गायब होने जैसे आरोप भी लगे। अंततः गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने चारों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

अदालत में दोषियों की ओर से उम्र और स्वास्थ्य का हवाला देते हुए दया की अपील भी की गई। व्हीलचेयर पर पेश हुए संतराम ने अपनी उम्र 85 वर्ष बताई, जबकि जीत नारायण ने खुद को 75 वर्ष का बताया। विजय मिश्रा के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि घटना के समय उनकी उम्र महज 21 वर्ष थी। हालांकि अदालत ने सभी तर्क खारिज करते हुए सख्त सजा सुनाई।

# संपादकीय

## समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

**दया** और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को एक विशेष थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं। थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। लेडी विद द लैंप के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से लेडी विद द लैंप कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी

## तमिलनाडु में विजय युग का आगाज

**एन जी भट्ट**

रविवार को देश में कई राजनीतिक संकेत देखने को मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देशवासियों से पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल संकट की आशंका के बीच राष्ट्रहित में देशवासियों से पेट्रोल-डीजल और गैस का संयमित उपयोग करने, कम से कम एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने और अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने तथा जहां तक संभव हो वर्क फ्रॉम होम कार्य पद्धति अपनाने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने देश वासियों से खाद्य तेल, दवाइयों और रासायनिक खाद सहित कई क्षेत्रों में किफायत बरतने की अपील भी की हैं। दक्षिण भारत में ही रविवार को तमिलनाडु में तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के प्रमुख और अभिनेता सी. जोसेफ विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही तमिलनाडु में द्रविड़ दलों के वर्चस्व को समाप्त कर अब एक नए विजय युग का आगाज हुआ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जिसकी काफी चर्चा रही।इधर केरल में सभी को अभी भी सत्ता के नारियल से कब निकलेगा मुख्यमंत्री का नाम? का इंतजार बना हुआ है। उधर उत्तर पूर्व के अहम राज्य आसाम में जीत की हैट्रिक लगाने वाली भाजपा ने हेमन्त बिस्वा सेरमा को फिर से मुख्यमंत्री बनाना तय किया है। वे 12 मई को शपथ लेंगे। इसी बीच उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिपरिषद का विस्तार कर उसमें ओबीसी तथा अन्य जातीय सन्तुलन को स्थापित करने का प्रयास किया है। इसके साथ ही राजस्थान सहित अन्य भाजपा शासित प्रदेशों में भी मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाएं बढ़ गई है? राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार पश्चिम बंगाल का किला जीतने के बाद भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आने वाले वर्षों 2027 और 2028 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के अश्वमेध विजयी रथ को आगे बढ़ाने के लिए इसे जरूरी मानता है तभी भाजपा और एनडीए की 22 राज्यों की सरकारों का अन्य प्रदेशों में भी विस्तार हो सजेगा।

# राज्य विधान सभाओं के परिणाम परिवर्तन के प्रतीक

**प्रो नीलम महाजन सिंह**



हाल ही मे हुए राज्य विधानसभाओं के चुनावों में करोड़ों मतदाताओं ने हिस्सा लिया। सबसे बड़ी टक्कर पश्चिम बंगाल में हुई, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी, भाजपा को भारी जीत मिली। ये नतीजे राष्ट्रीय चुनावों से पहले 2029 संसद में सत्ता का संतुलन बदल सकते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की पत्रकार प्रगति के.बी. और श्री एलेक्स ट्रावेली के अनुसार, पूरे भारत में, राज्य विधानसभा चुनावों ने एक निर्णायक राजनीतिक बदलाव ला दिया है। इन नतीजों ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का दायरा पूरे देश में बढ़ा दिया है और अब सिर्फ. कुछ ही इलाके ऐसे बचे हैं जो उनके प्रभाव से बाहर हैं। कुछ हद तक तो ये आकलन सही है, परंतु इस पर विश्लेषण करना होगा। चार राज्यों: असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल व एक केंद्र शासित प्रदेश, पुडुचेरी में अप्रैल में वोट डाले गए थे, जिनके परिणाम महत्वपूर्ण हैं। पीएम नरेंद्र मोदी व अमित शाह ने भाजपा की पूरी ताकत पश्चिम बंगाल में लगा दी थी। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में जबरदस्त जीत हासिल की। यह ऐसा राज्य था जहां उसने पहले कभी शासन नहीं किया था, असम में अपनी सत्ता बरकरार रखी व पुडुचेरी में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर जीत हासिल की। बीजेपी को केरल और तमिलनाडु में कुछ बढ़त मिली, लेकिन तमिलनाडु में सिर्फ. दो साल पुरानी पार्टी, टी.वी.के. का उभार और ज्यादा चौंकाने वाला है। इन नतीजों के असर राज्य की राजधानियों से कहीं ज्यादा दूर तक फैलेंगें। यह नतीजा 2029 के आम चुनावों से पहले भाजपा की राष्ट्रीय गति को मजबूत करता है, संसद में उसकी स्थिति को और पक्का करता है, व क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतों को एक बड़ा झटका देता है। इससे बीजेपी शासन के केंद्रीकृत व एकात्मक मॉडल की ओर बढ़ने का अभियान आगे बढ़ा है। पश्चिम बंगाल में जीत के बाद नरेंद्र मोदी मजबूत होकर उभरे, व विकास और स्थिरता का वादा किया। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी एक के बाद एक चुनावों में जीत हासिल करती रही है। पश्चिम बंगाल पर जीत के साथ यह सिलसिला अपने चरम पर पहुँच गया है। इस जबरदस्त जीत में श्री. मोदी की पार्टी ने अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस पार्टी को हरा दिया। टीएमसी पिछले 15 सालों से सत्ता में थी। चुनाव विश्लेषक, ऐक्सिस माई इंडिया के संस्थापक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि इस निर्णायक जीत के पीछे कई वजहों का मेल था, जैसे कि सत्ता-विरोधी लहर बिगड़ती कानून-व्यवस्था, और दूसरे राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन। इसके अलावा, महिला फैक्टर भी एक अहम वजह थी। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ क्रूरता की कई घटनाओं ने लोगों को झकझोर दिया था, जिनमें 2024 में फ्क्ष् आर.जी. कार मेडिकल कालेज में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और उसकी हत्या की घटना शामिल है। पीड़ित की माँ ने टीएमसी सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया था। समय के साथ, लोगों ने देखा महसूस किया कि पश्चिम बंगाल में एक तरह का कुशासन है, खासकर महिलाओं के प्रति!

हालाँकि, टीएमसी की तेज-तर्रार नेता ममता बनर्जी, जो अपनी भवानीपुर सीट भी बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी से हार गई हैं, ने हार मानने से इंकार कर दिया है और कहा है कि वे इस्तीफा नहीं देंगीं। ममता बनर्जी सरकार ने भाजपा पर चुनाव चुराने का आरोप लगाया है। इससे पहले, उन्होंने केंद्रीय सुरक्षा बलों की भारी मौजूदगी का हवाला दिया था, जिससे उनके समर्थकों में डर पैदा हुआ। सुश्री बनर्जी ने भारत के चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (रक्क्ष) को भी दोषी ठहराया। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो मतदाता सूचियों को सत्यापित और संशोधित करने के लिए नियमित रूप से की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के जरिए उनके समर्थन आधार को, विशेष रूप से मुसलमानों को सूची से हटा दिया गया है। यह संशोधन, केरल और तमिलनाडु में भी किया गया था। उसमें 90 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए, जो पश्चिम बंगाल के कुल मतदाताओं का लगभग 12 प्रतिशत है। हालांकि, बीजेपी और टीएमसी दोनों इसकी अलग-अलग व्याख्या करते हैं। बीजेपी का कहना है कि इस प्रक्रिया के जरिए उन अयोग्य मतदाताओं को सूची से हटाया गया, जिनके नाम शामिल होने से मतदाता सूची का आकार बढ़ गया था और जिससे सुश्री बनर्जी को फायदा पहुँचने की संभावना थी। जो लोग राज्य से बाहर काम कर रहे थे, वे वापस लौटे व उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि वे वोट दें, और उन्होंने बड़ी संख्या में वोट दिया, बीजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता, गुरु प्रकाश पासवान ने कहा। पासवान के अनुसार एसआईआर पूरी तरह से संवैधानिक, कानूनी व वैध प्रक्रिया है। क्या ये चुनाव एक लोकतंत्र में शांतिपूर्ण मतदान को प्राथमिकता दिये जाने वाले हैं? पीएम नरेंद्र मोदी को एक ऐसा जनादेश दिया गया है, जो शासन को मौलिक रूप से प्रत्यक्ष वितरण, कल्याणकारी समावेश व एक आकांक्षी नागरिकता की दिशा में पुनर्निर्देशित करता है। बंगाल के लोगों ने दशकों तक राजनीतिक हिंसा, टूटे वादों व अधूरी आकांक्षाओं को सहा है। इन चुनावों में बीजेपी और उसके सहयोगी दल व नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (ठऊअ) ने पड़ोसी राज्य असम और पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेश पॉन्डिचेरी (जिसे अब पुडुचेरी के नाम से जाना जाता है) में अपनी सत्ता बरकरार रखी, व दक्षिणी राज्य केरल में अपनी सीटों की संख्या को बढ़ाकर तीन कर लिया है। फि र केरल में कॉंग्रेस और यू.डी.एफ. की शानदार जीत हुई है। ये कोई चौंकाने वाले नतीजे नहीं थे। केरल में आखिरी कम्युनिस्ट सरकार को सत्ता गंवानी पड़ी व इंडियन नेशनल कांग्रेस सत्ता में आ गई। केरल में कॉंग्रेस एकजुटता का लाभ हुआ। तमिलनाडु में चौंकाने वाली जीत देखने को मिली। अभिनेता से राजनेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर (विजय) के नेतृत्व वाली, महज दो साल पुरानी पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम (ळश्ङ) ने अप्रत्याशित रूप से सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरकर, चुनाव-पूर्व बने सभी गठबंधनों को ध्वस्त कर दिया। विजय ने कहा, रोजगार पैदा करने के बजाय, उनकी दिलचस्पी अपनी पार्टी का प्रभाव बढ़ाने के लिए लोगों को मुफ़्त की चीजें (हैंडआउट्स) देने में ज्यादा थी। भाजपा कापूरे भारत में विस्तार हुआ है। इसके भी दो पहलु हैं। पश्चिम बंगाल में मिली जीत का असर राष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिलेगा। इसके चलते संसद के राज्यसभा में बीजेपी की सीटों की संख्या बढ़ेगी, जिससे उसका प्रभाव ज्यादा बढ़ जाएगा। 1984 में महज दो सीटों से शुरूआत करने वाली यह पार्टी, अब पूरे भारत में 22 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में सत्ता में है। बीजेपी ने आखिरकार भारत के उन हिस्सों में भी अपनी पैठ बना ली है, जहाँ हिंदी नहीं बोली जाती। अब बीजेपी भारत की 78 प्रतिशत आबादी पर राज कर रही है। वोटों की गिनती के बाद, नरेंद्र मोदी ने पारंपरिक बंगाली धोती पहनी व पार्टी के उत्साहित कार्यकताओं को उनके सालों के अनुशासन और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, आपने एक नया इतिहास रचा है। आज का दिन भारत के महान लोकतंत्र, काम के आधार पर राजनीति और स्थिरता के संकल्प पर भरोसे का दिन है। दोस्तों, जीत और हार लोकतंत्र और चुनावों का एक स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन पाँच राज्यों के लोगों ने दिखाया है कि भारत लोकतंत्र की जननी क्यों है ङ्ख यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। पीएम नरेंद मोदी ने घोषणा की। उन्होंने कहा, हमारा मंत्र है कि नागरिक ही भगवान के समान हैं। हम लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और इसीलिए नागरिक बीजेपी पर भरोसा करते हैं। वे देख सकते हैं कि जहाँ बीजेपी है, वहाँ सुशासन और विकास है,। मोदी ने हर पार्टी से राजनीतिक हिंसा खत्म करने की अपील की। बात बदले की नहीं, बल्कि नए सिरे से शुरूआत की होनी चाहिए। मैं हर बंगाली से वादा करता हूँ कि बीजेपी बंगाल के बेहतर भविष्य के लिए दिन-रात काम करेगी। महिलाएँ सुरक्षित रहेंगीं, व युवाओं को नौकरियाँ मिलेंगी। सभा चुनावी नतीजों के बाद डा. शशि थरूर ने एक केरल कहानी पर रोशनी डाली। थरूर ने पर एक पोस्ट में केरल को सांप्रदायिक सद्भाव का मॉडल बताया। अपनी पोस्ट में, उन्होंने हाल के चुनावों की ओर ध्यान दिलाया, जहाँ कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ सत्ता में आया।

# पाँच रुपये की ब्रेड और दिखावटी दया का समाज

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



सुबह-सुबह शहरों और कस्बों की गलियों में एक दृश्य अक्सर दिखाई देता है। कोई व्यक्ति बाइक रोकता है, थैले से पाँच रुपये की ब्रेड निकालता है, सड़क किनारे बैठे आवारा कुत्तों की ओर कुछ टुकड़े फेंकता है, फिर मोबाइल कैमरा ऑन करके वीडियो बनाता है। थोड़ी देर बाद वही वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हो जाता है, कैप्शन लिखा होता है—जानवरों से प्यार करें, इंसानियत जिंदा रखें। लोग कमेंट करते हैं—वाह! आज भी इंसानियत बाकी है। सवाल यह है कि क्या सचमुच यही इंसानियत है? क्या पाँच रुपये की ब्रेड और दस रुपये का दूध डाल देना पशु-प्रेम की सबसे बड़ी मिसाल बन गया है? या फिर यह हमारे समय का नया दिखावा है, जहाँ संवेदनाएँ भी कैमरे और लाइक्स के हिसाब से तय होने लगी हैं? यह सच है कि पशुओं के प्रति दया और करुणा सभ्य समाज की निशानी है। जो समाज जानवरों के प्रति संवेदनशील नहीं होता, वह इंसानों के प्रति भी ज्यादा मानवीय नहीं रह सकता। लेकिन समस्या तब शुरू होती है जब पशु-प्रेम संवेदनशीलता से ज्यादा प्रदर्शन बन जाता है। आज कई लोगों के लिए यह सामाजिक प्रतिष्ठा का नया तरीका बन चुका है। वे आवारा कुत्तों को बिस्किट खिलाते हुए वीडियो डालते हैं, लेकिन उसी सड़क पर बैठा भूखा इंसान उन्हें दिखाई नहीं देता। किसी गरीब बच्चे की फटी चप्पलें उन्हें परेशान नहीं करतीं, लेकिन कुत्ते को दूध पिलाते हुए तस्वीर डालना उन्हें दयालु साबित कर देता है। सोशल मीडिया ने हमारे समाज की भावनाओं को भी बाजार बना दिया है। अब सेवा कम और उसका प्रदर्शन ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। किसी घायल मजदूर को अस्पताल पहुंचाने में कैमरा नहीं चमकता, इसलिए वह काम कम लोग करते हैं। लेकिन किसी कुत्ते को ब्रेड खिलाने का वीडियो वायरल हो सकता है, इसलिए वहाँ संवेदनशीलता अचानक बढ़ जाती है। यह दिखावटी दया धीरे-धीरे समाज को एक अजीब नैतिक भ्रम में धकेल रही है, जहाँ असली समस्याओं से ज्यादा महत्व प्रतीकात्मक कामों को मिलने लगा है। विडंबना देखिए, जो लोग सड़क पर कुत्तों को खिलाकर खुद को पशु-प्रेमी बताते हैं, वही कई बार अपने घर के बुजुर्ग माता-पिता की दवाइयों की चिंता नहीं करते। पड़ोस में रहने वाले गरीब परिवार की तकलीफ उन्हें नहीं दिखती। किसी बीमार इंसान की मदद के लिए उनके पास समय नहीं होता, लेकिन इंस्टाग्राम रील के लिए उनके पास पूरा समय होता है। यह कैसी करुणा है, जो इंसान से ज्यादा कैमरे के लिए जागती है? भारत में आवारा कुत्तों की समस्या केवल भावनात्मक मुद्दा नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का भी विषय है। हर साल हजारों लोग कुत्तों के काटने का शिकार होते हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर हमले की खबरें लगातार सामने आती हैं। रात में बाइक सवारों का पीछा करते झुंड दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। कई कॉलोनियों में लोग सुबह की सैर तक करने से डरते हैं। लेकिन जब इस समस्या पर चर्चा होती है तो समाज दो हिस्सों में बंट जाता है। एक पक्ष हर कुत्ते को बेचारा बताकर सारी जिम्मेदारी जनता पर डाल देता है, जबकि दूसरा पक्ष क्रूरता की भाषा बोलने लगता है। दोनों ही स्थितियाँ गलत हैं। असल जरूरत संतुलन और जिम्मेदारी की है। केवल ब्रेड डाल देने से समस्या हल नहीं होती। इससे कई बार आवारा कुत्ते एक ही जगह इकट्ठा होने लगते हैं, उनकी संख्या बढ़ती है और आसपास रहने वाले लोगों की परेशानी भी बढ़ती है। यदि सच में पशु-प्रेम है तो नसबंदी, टीकाकरण, शेल्टर होम और जिम्मेदार देखभाल की बात होनी चाहिए। लेकिन यह सब मेहनत और जिम्मेदारी मांगता है। इसलिए आसान रास्ता चुना जाता है—ब्रेड फेंको, फोटो डालो और संवेदनशील कहलाओ। हमारा समाज आज एक विचित्र दौर से गुजर रहा है। यहाँ इंसान की भूख सामान्य खबर बन चुकी है, लेकिन कुत्ते को बिस्किट खिलाना इमोशनल कंटेंट माना जाता है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अस्पतालों के बाहर हजारों लोग भूखे बैठे मिल जाएंगे। मजदूरों के बच्चे कूड़े से प्लास्टिक बीनते दिखाई देंगे। गरीब मरीज दवाइयों के बिना तड़पते मिलेंगे। लेकिन उन पर कैमरा कम जाता है, क्योंकि वहाँ केवल फोटो नहीं, जिम्मेदारी उठानी पड़ती है। यह लेख पशु-प्रेम के खिलाफ नहीं है। जानवरों के प्रति दया जरूरी है, लेकिन अगर समाज की संवेदनशीलता केवल जानवरों तक सीमित होकर इंसानों की पीड़ा से मुंह मोड़ने लगे, तो यह खतरनाक स्थिति है। करुणा का अर्थ संतुलन होता है, दिखावा नहीं। सच्चा पशु-प्रेम वही है जिसमें जिम्मेदारी हो। घायल जानवर का इलाज करवाना, नसबंदी और टीकाकरण अभियान में मदद करना, आसपास के लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखना और स्वच्छता बनाए रखना—ये सब वास्तविक संवेदनशीलता के हिस्से हैं।

## ऊर्जा संकट में सरकार बनी ढाल

**डॉ. सुयश मिश्रा**

वैश्विक युद्ध और होर्मुज संकट का असर आज पूरी दुनिया महसूस कर रही है। युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका असर हर घर की रसोई, हर वाहन के पहिए और हर परिवार के बजट तक पहुंच चुका है। कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगीं, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी और सरकारें अपने नागरिकों के गुस्से का सामना करने को मजबूर हो गईं।

लेकिन इसी उथल-पुथल के बीच आज युद्ध के लगभग 11 सप्ताह बीतने पर भी भारत में जीवन की सामान्य गति बनी रही, करोड़ों परिवारों के चूल्हे जलते रहे, गाड़ियां चलती रहीं। यह अपने आप नहीं हुआ। इसके पीछे एक ऐसी नीति, ऐसी तैयारी और ऐसी संवेदनशील सोच थी जिसने वैश्विक तूफान के सामने भारत के नागरिकों को ढाल बनकर संरक्षण दिया। जब दुनिया ऊर्जा संकट की आग में झुलस रही थी, तब मोदी सरकार एक संरक्षक की तरह अपने नागरिकों के साथ खड़ी रही। जैसे द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को बचाया था, वैसे ही इस कठिन समय में सरकार ने बढ़ती वैश्विक कीमतों और आर्थिक दबाव का बड़ा हिस्सा स्वयं अपने ऊपर उठाया, ताकि उसका बोझ सीधे जनता की थाली, रसोई और जेब तक न पहुंचे।यही कारण है कि आज यह संकट केवल आर्थिक प्रबंधन की कहानी नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन, दूरदर्शी नेतृत्व और नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व की मिसाल बन चुका है। दुनिया भर में बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे जनता पर डाल देना सबसे आसान रास्ता था और कई देशों ने ऐसा ही किया, लेकिन भारत ने यह रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने स्वयं भारी आर्थिक दबाव सहा ताकि आम आदमी की रसोई और रोजमर्रा की जिंदगी पर कम से कम असर पड़े। सरकार ने लगभग पेट्रोल पर 24 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर का भार वहन किया। 28 फरवरी के बाद से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। यूरोप और एशिया के कई देशों में पेट्रोल 30 से लेकर 35 प्रतिशत तक महंगा हुआ, जबकि भारत में कोई बदलाव नहीं किया गया। हांगकांग में आज पेट्रोल सबसे महंगा है। वहाँ एक लीटर की कीमत लगभग 295 रुपये पहुंच गई है, जो 28 फरवरी के बाद 25 प्रतिशत बढ़ी है। सिंगापुर में दाम 30 प्रतिशत बढ़कर करीब 240 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नीदरलैंड में पेट्रोल 225 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है, जो 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। युद्धग्रस्त इजराइल में पेट्रोल 30 प्रतिशत महंगा होकर 185 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं भारत में अब भी पेट्रोल की कीमत 95 रुपये प्रति लीटर है।

# सोमनाथ : प्रखर राष्ट्रबोध का अमृत महोत्सव

**प्रेम प्रकाश**

सोमनाथ मंदिर की विरासत और पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का अवसर एक धार्मिक आयोजन से आगे बढ़कर भारत की सांस्कृतिक चेतना, अस्मिता बोध और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया है। इस अवसर पर देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के जरिए उन हजार वर्षों की स्मृति को भी याद किया जा रहा है, जब इस मंदिर ने आक्रमण, विध्वंस और पुनर्निर्माण के अनेक दौर देखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने लेख और संबोधनों में सोमनाथ को विध्वंस से सृजन की भारत की यात्रा का प्रतीक बताया। वे 11 मई 2026 को सोमनाथ में आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं। यह वही दिन है, जब 1951 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने पुनर्निर्मित मंदिर का उद्घाटन किया था। इस ऐतिहासिक मंदिर का सामयिक संदर्भ इसलिए बड़ा है क्योंकि विवाद, तनाव और हिंसक संघर्ष के दौर में भारत वैश्विक मंच पर एक सॉफ्ट पावर के तौर पर स्थापित हो रहा है। भारत की इस अंतरराष्ट्रीय हैसियत और साख की ताकत का हमारा सांस्कृतिक स्वाभिमान है। इस स्वाभिमान का गर्व तो होना ही चाहिए, इसकी रक्षा के लिए भी देश और समाज का साझा संकल्प प्रकट होना चाहिए। इस लिहाज से पीएम मोदी के ये शब्द महत्वपूर्ण हैं सोमनाथ भारत की उस अटूट चेतना का प्रतीक है, जिसे बार-बार तोड़ने की कोशिश हुई, लेकिन वह हर बार और अधिक शक्ति के साथ खड़ी हुई। इस लिहाज से देखें तो यह असर सरदार वल्लभभाई पटेल, केएम मुंशी और अहिल्याबाई होल्कर जैसी शख्सियतों के स्मरण का भी है, जिन्होंने सोमनाथ के रूप में भारतवर्ष की आस्था, विरासत और स्वाभिमान जागृत और प्रदीप्त बनाए रखने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। अच्छी बात यह है कि यह अवसर राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना के साथ देश और समाज को नए सिरे से जोड़ रहा है। अगर ऐसा नहीं होता तो बिहार जैसे सूबे के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने कार्यक्रमों के बीच इस बात को बार-बार नहीं दोहराते कि अयोध्या, काशी और सोमनाथ नए भारत की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना के तीर्थ की तरह हैं। आगे वे ये भी कहते हैं कि देश की नई पीढ़ी को अपनी सभ्यता और सांस्कृतिक संघर्षों के इतिहास से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि राष्ट्रीय चेतना मजबूत हो सके। दिलचस्प है कि कुछ महीने पूर्व मेवाड़ के गौरव महापराक्रमी राणा सांगा के शौर्य और राष्ट्रभक्ति पर सवाल उठा तो राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आक्रोश दिखा। दरअसल, यह नया भारत है, यह वैश्विक रंगमंच पर आकार लेता भारतवर्ष का नया देशकाल है।

यह विरासत के साथ विकास का साझा विकसित करने वाला भारत है। आजादी के बाद के दशकों में इस देशकाल का वैचारिक अक्षांश और देशांतर किस तरह तय हुआ, वह देखना खासा दिलचस्प है। इसमें सबसे बड़ी बात यह कि आजादी के बाद खासतौर पर देश में नब्बे के दशक में जब अस्मितावादी राजनीति का जोर बढ़ा तो उसके दूरगामी फलित को समझने में बड़ी चूक हुई। यह राजनीति सामाजिक अन्याय के खिलाफ महज एक प्रतिक्रिया से ज्यादा आज अपने अतीत से बड़ी मुठभेड़ साबित हो रही है। यह मुठभेड़ भारत जैसे देश में इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इसका अतीत सभ्यता के विकास के उत्स तक की यात्रा कराता है। आज अगर अपनी पहचान और गौरव की ललक देश-समाज में बढ़ी है तो इसका प्रतिबिंबन सरकारों के विवेक में भी दिखता है।

राजनीतिक गहमागहमी के बीच पीएम मोदी से लेकर बिहार के नए-नवेले सीएम सम्राट चौधरी का स्वर अगर एक है तो यह इसलिए कि राष्ट्र-प्रथम की शपथ के बिना आज भारत में न किसी राजनेता की स्वीकृति संभव है और न ही किसी राजनीतिक विमर्श की ।

## रोगियों की मुस्कान और उम्मीद का दूसरा नाम हैं नर्सें

**ललित गर्ग**

हर वर्ष 12 मई को पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाती है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग सेवा की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस उन अनगिनत संवेदनशील हाथों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो दिन-रात रोगियों के दर्द को कम करने, उन्हें जीवन का भरोसा देने और मृत्यु से संघर्ष कर रहे व्यक्ति के भीतर आशा का दीप जलाने का कार्य करते हैं। दुनिया में नर्सों की सेवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, हर दिन, नर्सें शांत शक्ति, स्थिर हाथों और करुणा से भरे दिलों के साथ अस्पतालों, क्लीनिकों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर कदम रखते हुए रोगियों के लिये देवदूत बनती हैं। नर्से भगवान का रूप होती है, वे ही इंसान के जन्म की पहली साक्षी बनती है और उनमें करुणा का बीज बोती है। एक रोगी को स्वस्थ करने में वे अपना सब कुछ दे देती हैं। रोगी की सेवा करते हुए वे अपना पारिवारिक सुख, करियर, जीवन और वर्तमान सबकुछ झोंक देती है। वर्ष 2026 की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य- सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि यदि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाना है तो नर्सों को सम्मान, सुरक्षा, संसाधन और सशक्त वातावरण देना होगा। यह दिवस 1965 से इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा शुरू हुआ है, बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश एवं दुनिया में नर्सों द्वारा किए गए अद्भुत सेवा कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। सचमुच नर्सें अस्पतालों की आत्मा होती हैं। चिकित्सक जहां रोग की पहचान और उपचार का मार्ग तय करता है, वहीं नर्स अपने स्पर्श, सेवा, सहानुभूति और निरंतर देखभाल से रोगी को जीने की शक्ति देती है। रोगी जब दर्द, भय, चिंता और असहायता से घिरा होता है, तब नर्स ही उसके चेहरे पर विश्वास की मुस्कान बनकर सामने आती है। वह केवल इंजेक्शन लगाने, दवाइयां देने या रिपोर्ट संभालने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह रोगी के मनोबल की संरक्षक होती है। वह अपने व्यवहार, शब्दों और संवेदनाओं से रोगी को यह विश्वास दिलाती है कि वह अकेला नहीं है। यही कारण है कि दुनिया भर में नर्सों को धरती के फरिश्ते कहा जाता है। मानवीय सेवा का सबसे जीवंत और प्रभावशाली स्वरूप यदि कहीं दिखाई देता है तो वह नर्सिंग सेवा में दिखाई देता है। एक नर्स रोगी की पीड़ा को केवल देखती नहीं, बल्कि उसे महसूस भी करती है। वह रात-रात भर जागकर मरीजों की देखभाल करती है, उनके दर्द की भाषा समझती है, उनकी छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखती है और कई बार अपने परिवार, अपने स्वास्थ्य और अपनी खुशियों की कीमत पर भी रोगियों की सेवा करती है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के समय पूरी दुनिया ने देखा कि जब लोग अपने ही परिजनों से दूरी बना रहे थे, तब नर्सें संक्रमित मरीजों के सबसे निकट खड़ी थीं।

# उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की 33 हजार से ज्यादा परियोजनाएं सौर ऊर्जा से संचालित

## प्रदेश में अब तक 900 मेगावाट बिजली की हुई बचत



**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश में योगी सरकार जल जीवन मिशन के तहत 'हर घर जल' के संकल्प को पूरा कर रही है। इसी के तहत प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए सौर ऊर्जा से जुड़े मॉडल पर काम किया जा रहा है। इससे बिजली की बचत होने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है।

राज्य जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत 67 हजार से अधिक गावों में 33 हजार से अधिक सौर ऊर्जा संचालित परियोजनाएं चल रही हैं। सौर ऊर्जा आधारित ग्रामीण जलापूर्ति परियोजनाओं के शुरू होने से दो करोड़ से अधिक परिवारों को फायदा मिल रहा है। उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक राजशेखर ने बताया कि प्रदेश सरकार भी सौर ऊर्जा आधारित प्रोजेक्ट को प्रोत्साहित कर रही है। इसी क्रम में विभाग ने परियोजनाओं को सौर ऊर्जा से जोड़ने का काम किया। पहले ज्यादातर योजनाएं बिजली सप्लाई बाधित होने या बिजली बिल भुगतान न हो पाने की वजह से ठप हो जाती थीं लेकिन अब यह समस्या नहीं रही। उन्होंने बताया कि इन सौर ऊर्जा संचालित परियोजनाओं को 30 साल के लिए डिजाइन किया गया है। सामान्य बिजली स्रोतों के मुकाबले इनसे 30 वर्ष में एक अनुमान के मुताबिक करीब 37 हजार करोड़ रुपये की बचत होगी। वहीं सौर ऊर्जा से संचालित पंपिग सिस्टम स्थापित करने से अब तक 900 मेगावाट बिजली की बचत हुई है। कार्बन

उत्सर्जन में आएगी कमी

उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत इन परियोजनाओं को सौर ऊर्जा से जोड़ने पर पर्यावरण को भी काफी फायदा पहुंचेगा। इन 33 हजार से अधिक परियोजनाओं में ग्रिड से आने वाली बिजली का इस्तेमाल न होने पर हर साल करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन कम होने का अनुमान है। इससे वर्ष 2070 तक भारत के नेट जीरो यानी कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ा योगदान होगा। उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन को सौर ऊर्जा के साथ जोड़ने का प्रयोग सफल रहा, जिसे केंद्र सरकार ने भी सराहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को इसके लिए सम्मानित भी किया था।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का भव्य स्वागत, बोले- गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने तक जारी रहेगा संघर्ष

### नवचेतना एफपीओ पर हुआ चरण पादुका पूजन, बड़ी संख्या में जुटे सनातन भक्त



**मीरजापुर।**
चुनार क्षेत्र के सीखड़ स्थित नवचेतना एफपीओ, विट्ठलपुर में मंगलवार देर शाम ज्योतिपीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का काफिला पहुंचते ही पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और जय गौ माता के उद्घोष से गूंज उठा। विंध्य और काशी क्षेत्र के मध्य स्थित भगवान बावन जी क्षेत्र में शंकराचार्य के आगमन पर सनातन भक्तों ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम स्थल पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती आसन पर विराजमान हुए, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चरण पादुका पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद आयोजित सभा में उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और गौ रक्षा के लिए पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राम गौधाम स्थापित करने का संकल्प लिया गया है, ताकि गौ संरक्षण को मजबूत आधार मिल सके।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय पांडेय, पंडित मुकुंद मिश्र आचार्य, भुवालपुर प्रधान मनोज त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में सनातन भक्त मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चुनार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी तैनात रहे।

**सनातन जागरण को लेकर दिया संदेश**

सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक आशीष पाठक और शुभम मिश्रा ने कहा कि गविष्ठी यात्रा का उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति और गौ सेवा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

# सपा सांसद रुचि वीरा के घर के बाहर दूसरे दिन भी भाजपा महिला मोर्चा का धरना जारी



**मुरादाबाद।**
भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद महानगर महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के समर्थन में तथा प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में लाए गए महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के विरुद्ध सोमवार को मुरादाबाद लोकसभा से समाजवादी सांसद रुचि वीरा के सिविल लाइन स्थित आवास के सामने तंबू-कनात लगाकर क्रमिक धरना कार्यक्रम दूसरे दिन मंगलवार को भी बारिश के दौरान जारी रहा। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने समाजवादी पार्टी और सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महानगर मंत्री विजय लक्ष्मी पंडित ने कहा कि देश की महिलाएं अब अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हैं और महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है, लेकिन विपक्ष इसमें बाधा डालने का प्रयास कर रहा है। धरना कार्यक्रम में सुनीता शर्मा, आदेश चौधरी, रंजना शर्मा, सिमरन कौर, पूर्णिमा खन्ना, दीपा गुप्ता, शीतल राजपूत, वनिता मल्होत्रा, हेमा खत्री, रचना अग्रवाल, काशिश चौहान, रुचि चौधरी, सुषमा सरन, पंकज शर्मा, गुड्डी, शीतल, ज्योति बंसल, राधा रानी, प्रीति कश्यप, राखी सैनी, शिखा परमार, सहित महानगर एवं महिला मोर्चा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# वाराणसी: प्रशिक्षु अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर से की शिष्टाचार भेंट, सीपी ने दिए उत्कृष्ट पुलिसिंग के गुरुमंत्र



**वाराणसी।**
48वीं आईटीसी के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने अपने प्रशासनिक एवं मैदानी अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों को प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिसिंग के महत्वपूर्ण गुरुमंत्र दिए।

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि प्रशिक्षण काल सेवा जीवन का स्वर्णिम दौर होता है। इसी अवधि में आत्मबल, साहस, अनुशासन, संवेदनशीलता और ज्ञान का निर्माण होता है, जो एक सफल एवं जिम्मेदार पुलिस अधिकारी की पहचान बनता है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को कमिश्नरेट वाराणसी की कार्यप्रणाली, आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था तथा जनसेवा के मूल्यों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

संवाद के दौरान उन्होंने कमिश्नरेट की प्रशासनिक संरचना एवं प्रमुख इकाइयों जैसे यातायात प्रबंधन, डायल-112, जल पुलिस, पर्यटक पुलिस, तकनीकी रूप से सशक्त एसओजी एवं सर्विलांस टीम, ड्रोन एवं एंटी-ड्रोन प्रणाली, सीसीटीवी कंट्रोल रूम तथा वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की कार्यशैली की जानकारी दी। पुलिस आयुक्त ने विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी वाराणसी की संवेदनशीलता का उल्लेख करते हुए कहा कि तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सतर्क, संवेदनशील और मानवीय पुलिसिंग बेहद आवश्यक है। उन्होंने श्रावण मास, देव दीपावली तथा प्रयागराज महाकुंभ जैसे अवसरों पर अत्यधिक भीड़ और पलट-प्रवाह की स्थिति में किए जाने वाले भीड़ प्रबंधन, आवागमन, स्नान एवं दर्शन-पूजन व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी भी साझा की।

## हादसों के बाद भी ग्रामीण नाव का सहारा लेकर पार कर रहे नदी

*अब तक क्षेत्र में नाव पलटने से 11 लोगों की हो चुकी है मौत*

**हमीरपुर।**
उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे कुरारा विकासखंड क्षेत्र में यमुना नदी व बेतवा नदी किनारे बसे गांवों के ग्रामीण इस पार से उस पार जाने के लिए अभी भी नाव का सहारा ले रहे हैं। अब तक क्षेत्र में नाव पलटने से 11 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं आठ लोगों को ग्रामीणों ने बचा लिया था। फिर भी मौत का खौफ होने के बाद ग्रामीण नावों से सफर करने को मजबूर हैं।

कुरारा विकासखंड क्षेत्र में दोनों तरफ उत्तर में यमुना नदी व दक्षिण में बेतवा नदी होने से इस पार से उस पार जाने तथा दूरी कम करने के लिए नाव का सहारा लेते हैं। यमुना नदी में मनकी खुर्द व हमीरपुर में पुल होने के बाद भी भौली, शेखूपुर, भटपुरा, जमरेही, बचरौली, कोतूपुर पटिया आदि गांव के लोग कोटरा मकरंदपुर छत्रपति शाहूजी महाराज डिग्री कॉलेज में पढ़ने जाने के लिए नाव का सहारा लेते हैं। कोतूपुर गांव निवासी राजकरण निषाद ने बताया कि यमुना नदी के उस पार सब्जी की बारी लगी होने के कारण रोजी-रोटी के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता है। बताया कि पटिया गांव में 2024 में यज्ञ व मेला का आयोजन हुआ था। तब कोटरा मकरंदपुर गांव के लोग नाव में बैठकर उस पार से पटिया गांव यज्ञ देखने आ रहे थे। तभी उनकी नाव पलट जाने से आठ लोग पानी में डूब गए थे। जिनको गांव के लोगों ने कूदकर बचा लिया था। वहीं वर्ष 2024 में बेतवा नदी में जलालपुर तरफ से आ रही नाव बेरी घाट में पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई थी। वहीं बीते 06 मई को कोतूपुर में नाव डूब जाने से 06 लोगों की मौत होने के बाद ग्रामीण पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं।

## जज के खिलाफ अवमानना की अर्जी खारिज

**प्रयागराज।**
इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अधिवक्ता द्वारा एक न्यायाधीश के विरुद्ध दाखिल आपराधिक अवमानना की अर्जी को पोषणीय न मानते हुए खारिज कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय एवं न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह प्रथम की खंडपीठ ने दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अदालत और वकील के बीच होने वाली तीखी बहस आपराधिक अवमानना की श्रेणी में नहीं आती।

अधिवक्ता अरुण मिश्रा ने अर्जी में आरोप लगाया था कि 26 नवम्बर 2025 को एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान उन्होंने सम्बंधित न्यायाधीश से केस को किसी अन्य कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, क्योंकि उन्हें उस पीठ पर विश्वास नहीं था। अरुण मिश्र के अनुसार इस पर न्यायाधीश ने उन्हें अपमानित किया, याचिका खारिज कर दी और बार कौंसिल को उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की सिफारिश कर दी।

## आपसी विवाद में युवक को मारी गोली, गम्भीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर

**बहराइच।**
कोतवाली नानपारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लीलापुरवा में विवाद ने एक बड़ा रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक युवक को गोली मार दी गई। घायल की पहचान विनोद यादव के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि रिश्तेदारों ने गोली मारी है।

गोली लगने से लहूलुहान विनोद ने बताया कि शाम को अपने घर की दीवार पर पानी डाल रहा था, इसी दौरान दो आरोपित धारदार हथियार लेकर आ गए और उससे भागने को कहा। विनोद जब आगे बढ़ा तो आरोपितों ने कट्टे से फायर झोंक दिया,गोली लगने से विनोद गम्भीर रूप से घायल हो गया।

आनन-फानन में परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुँचे,जहां से प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी नानपारा भेजा गया। चिकित्सक डॉ संतोष ने बताया कि घायल को जरूरत से ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था, जिसके कारण उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।**
न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

उस पर न्यायालय ने अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना शिकोहाबाद क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी 29 सितंबर 2024 को बाजार स्टेशनरी का सामान लेने है थी। उसके बाद वह लौटकर नहीं आई।

# कानपुर देहात : 400 करोड़ के जमीन घोटाले में पूर्व एडीएम सहित कंपनियों व बैंक अधिकारियों पर एफआईआर



**कानपुर देहात।**
उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को जारी रखते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कानपुर देहात के भोगनीपुर क्षेत्र में करीब 400 करोड़ के जमीन घोटाले में सख्त कार्रवाई की गई है। थर्मल पावर प्लांट लगाने के नाम पर हुई वित्तीय अनियमितताओं को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व एडीएम और संबंधित कंपनियों व बैंकों के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

यह मामला साल 2011 से शुरू हुआ था। शासन ने चपरघटा और आसपास के गांवों (कृपालपुर, भुण्डा, रसूलपुर और भरतौली) की ग्राम समाज और निजी काश्तकारों की जमीन थर्मल प्लांट के लिए आवंटित की थी। जिलाधिकारी कपिल सिंह के संज्ञान में जब यह आया कि बिना सरकार की अनुमति के सरकारी जमीन को बैंकों में बंधक रखा गया है, तो उन्होंने जांच के आदेश दिए। जांच में पता चला कि कंपनियों ने अफसरों के साथ मिलकर राजस्व क्षति पहुंचाई है। इसके बाद भोगनीपुर तहसीलदार प्रिया सिंह की तहरीर पर थाना मूसानगर में एफआईआर दर्ज की गई है।

**थर्मल प्लांट लगाने का था प्रस्ताव**

कानपुर देहात के भोगनीपुर में वर्ष 2011 में हिमावत पावर और लैन्को अनपरा पावर कंपनियों को थर्मल पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए सातगांवों की लगभग 2332 एक-ड़ भूमि दी गई थी।

# सोनभद्र में बारातियों का पिकअप वाहन सड़क पर पलटा, तीन की मौत व 13 घायल



**सोनभद्र**
रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात दस बजे मिजार्पुर के मड़िहान से बारातियों को लेकर जा रहा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल ने बुधवार को बताया की मिजार्पुर के मड़िहान तहसील के चंदरी बांध निवासी शिव कुमार के पुत्र की बारात सोनभद्र के रामपुर चेनारी गांव जा रही थी। बारातियों से भरी पिकअप बीती रात दस बजे जैसे ही कठार गांव के पास पहुंची, तभी वाहन पर निर्यंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। इस हादसे में वाहन में सवार 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची रामपुर बरकोनिया पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तियरा पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया और प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

एएसपी रुणवाल ने बताया कि इस दुर्घटना में मिजार्पुर जिले के मड़िहान निवासी 18 वर्षीय अजय गोड़ पुत्र रामबली गोड़, 20 वर्षीय राजन गोड़ पुत्र कन्हैया गोड़ और 35 वर्षीय विनोद गोड़ पुत्र कैलाश गोड़ की मौत हो गई है।

## पति ने साथी संग मिलकर पत्नी की हत्या का प्रयास किया




**नोएडा।**
नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में एक महिला को प्रेम विवाह करना महंगा पड़ गया है। आरोप है कि देर रात पति ने अपने साथी के साथ मिलकर पत्नी को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी हत्या का प्रयास किया गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के परिवार की तहरीर पर युवक के? खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की बीती रात को लीलावती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बरौला गांव में रहती हैं। उसकी बेटी सपना ने प्रेम प्रसंग के चलते परिवार की बिना अनुमति के छह महीने पहले युवक सागर वैद से मंदिर में शादी कर ली। बाद में दोनों परिवार के लोगों के बीच बातचीत हुई और सामाजिक रीति रिवाज से शादी करने पर सहमति बन गई। 12 मई की रात को सागर ने उसकी बेटी सपना को बातचीत करने के लिए वेदवन पार्क सेक्टर 78 पर बुलाया।

# ब्याज के रुपये मांगने पर हुई थी होजरी कारोबारी की हत्या, मुठभेड़ में आरोपित गिरफ्तार



**कानपुर।**
फीलखाना थाना क्षेत्र में होजरी कारोबारी विजय चौरसिया की आठ मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने वाले आरोपित की मंगलवार को गंगा बैराज के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। खुद को घिरता देख आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पास से तमंचा बरामद हुआ है।

शिवाला इलाके में रहने वाले विजय चौरसिया की इलाके में ही होजरी की दुकान थी। बीती आठ मई की देर शाम उनका शव सवाई सिंह हाता स्थित एक खंडहरनुमा मकान में लहूलुहान हालत में मिला था। सिर पर गंभीर चोट और गोली लगने के निशान मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। स्थानीय लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।

मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया था कि आखिरी बार विजय को शिवाला स्थित एक रेस्टोरेंट संचालक के बेटे के साथ देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कई संदिग्धों से पूछताछ की।

अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी शिवा सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने कबूल किया है कि विजय चौरसिया ने उससे करीब एक लाख रुपये ब्याज पर लिए थे।

कुछ समय तक उसने ब्याज के रुपये दिए, लेकिन बाद में पैसे देने से मना कर दिया। इसी बात से नाराज होकर उसने सुनियोजित तरीके से विजय को सवाई सिंह हाता स्थित खंडहरनुमा मकान में बुलाया। वहां दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपित ने पीछे से उसके सिर में गोली मार दी।

घटना के बाद आरोपित स्कूटी से अपने दोस्त के पास पहुंचा। वहां से उसे कुछ दिन बाहर रहने और मामला शांत होने पर कोर्ट में सरेंडर करने की सलाह दी गई। इसके बाद वह उन्नाव चला गया और अपने परिचितों के यहां छिपा रहा।

पुलिस को आरोपित की लोकेशन मिलने पर गंगा बैराज के पास घेराबंदी की गई। खुद को फंसता देख उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और पुलिस ने उसे दबोच लिया।

मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि आरोपित की मदद करने वाले लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और उनके खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## डाकघर की एमआईएस, पति-पत्नी मिलकर पाएं हर महीने 9,250 की निश्चित आय

### सुरक्षित सरकारी स्कीम, 7.4 फीसदी वार्षिक ब्याज और 5 साल में पूरा मूलधन वापस

**नई दिल्ली ।**

डाकघर मासिक आय योजना (एमआईएस) केंद्र सरकार द्वारा समर्थित एक विश्वसनीय बचत योजना है, जो निवेशकों को एकमुश्त जमा पर हर महीने तय आय प्रदान करती है। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो नियमित मासिक आय चाहते हैं, जैसे सेवानिवृत्त व्यक्ति, गृहिणियां या सुरक्षित निवेश की तलाश कर रहे परिवार। इसमें निवेश की गई पूरी रकम मैच्योरिटी पर वापस मिल जाती है। फिलहाल, इस स्कीम पर 7.4 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है, जिसकी राशि हर महीने सीधे आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में जमा हो जाती है। यह योजना कम जोखिम के साथ एक स्थिर आय का स्रोत प्रदान करती है। इसमें न्यूनतम 1,000 रुपए से निवेश शुरू किया जा सकता है। अधिकतम निवेश सीमा सिंगल अकाउंट के लिए 9 लाख रुपए और जॉइंट अकाउंट के लिए 15 लाख रुपए तय की गई है। पति-पत्नी मिलकर जॉइंट अकाउंट खोलकर इस योजना का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि पति-पत्नी मिलकर जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपए जमा करते हैं, तो मौजूदा 7.4 फीसदी ब्याज दर के हिसाब से उन्हें हर महीने लगभग 9,250 रुपए की निश्चित आय प्राप्त होगी। इस तरह निवेशक को हर महीने बिना किसी जोखिम के तय इनकम मिलती रहेगी। पोस्ट ऑफिस एमआईएस स्कीम की मैच्योरिटी अवधि 5 साल होती है, जिसके बाद निवेश की गई पूरी रकम वापस मिल जाती है। इस योजना में निवेश के लिए पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट का होना अनिवार्य है।

## भारत वैश्विक पहचान के लिए मेड इन इंडिया ब्रांडिंग योजना लॉन्च करेगा

### स्टील सेक्टर में सफल पायलट के बाद व्यापक योजना तैयार

**नई दिल्ली ।**

भारतीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाने के लिए सरकार जल्द ही एक व्यापक 'मेड इन इंडिया' ब्रांडिंग योजना शुरू करने जा रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के एक अे धिकारी बताया कि स्टील क्षेत्र में प्रायोगिक परियोजना की सफलता के बाद यह पहल की जा रही है, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक सम्मेलन में भाटिया ने कहा कि यह योजना लंबे समय से लंबित थी और अब इसे आखिरकार लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस्पात क्षेत्र में चलाई गई प्रायोगिक परियोजना के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं। सरकार अब उद्योग के साथ उन क्षेत्रों पर चर्चा करेगी जहां इसे लागू किया जा सकता है, लेकिन इसका ढांचा तैयार है। इसी कार्यक्रम में एक अलग सत्र में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भारत की औद्योगिक नीति को व्यापार नीति का पूरक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक ऐसी औद्योगिक नीति की आवश्यकता है जो कुछ आयातों को घरेलू उत्पादों से प्रतिस्थापित करे और देश में आर्थिक विकास को गति दे। यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिकों से आयातित वस्तुओं की खपत कम करने के आग्रह के एक दिन बाद आई है, जिसका उद्देश्य पश्चिम एशिया युद्ध के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच विदेशी मुद्रा की मांग को कम करना है।

## हुंडई मोटर इंडिया का शेयर 3 फीसदी बढ़कर 1,907 पर पहुंचा

### 30 फीसदी तक अपसाइड के साथ कई नई एसयूवी-ईवीएस पाइपलाइन में

**नई दिल्ली ।**

हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) का शेयर करीब 3 फीसदी उछलकर 1,907 पर पहुंच गया। कंपनी के मजबूत एसयूवी पोर्टफोलियो और आगामी मॉडल लॉन्च योजनाओं को देखते हुए ब्रोकरेज हाउसेज ने इसमें जोरदार तेजी की उम्मीद जताई है। मार्च तिमाही में एचएमआईएल की आय 5 फीसदी बढ़कर 189.2 रुपए अरब रही, जिसमें घरेलू बिक्री और निर्यात दोनों में करीब 9 फीसदी की वृद्धि हुई। कच्चे माल व नए प्लांट की शुरुआती लागत से मार्जिन दबाव में रहा, लेकिन अन्य आय ने मुनाफे को अनुमान से बेहतर बनाए रखा। कंपनी अगले कुछ सालों में एक नई मिड-साइज एसयूवी और कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी समेत कई मॉडल लॉन्च करेगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 1,456, निफ्टी 436 अंक गिरा

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक गिरकर 74,559.24 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 436.30 अंक टूटकर 23,379.55 पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आ रही तेजी से आई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार टूटा है। आज सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरे जबकि केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर में ही तेजी रही। जानकारों के अनुसार पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ने और तेल एवं गैस आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंकाओं से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के शांति प्रस्ताव को खारिज किये जाने से भी बाजार में अनिश्चितता आई है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला । सुबह के कारोबार में निफ्टी 0.45 फीसदी की गिरावट के साथ 23,716.25 पर पहुंच



गया, जबकि सेंसेक्स 0.53 फीसदी टूटकर 75,614.93 के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट गिरावट में जबकि जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग बढ़त में रहे।

## रुपया डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 95.63 पर

**मुंबई ।**



रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 35 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.63 पर पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव एवं समझौते की उम्मीदें धूमिल होने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.57 पर खुला और फिर टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर 95.63 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 35 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को 79 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 95.28 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.14 पर रहा।

## एलपीजी का उत्पादन 54,000 टन प्रतिदिन तक बढ़ाया गया- पुरी

### प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी

**नई दिल्ली।**



तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की कोई कमी न होने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने एलपीजी उत्पादन को 35,000-36,000 टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से मितव्ययिता बरतने और आर्थिक दबाव कम करने के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सम्मेलन में पुरी ने कहा कि देश के पास 69 दिन का कच्चे तेल एवं एलएनजी तथा 45 दिन का एलपीजी भंडार मौजूद है। उन्होंने प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील को पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के उपायों पर विचार करने का संकेत बताया। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से पश्चिम एशिया संकट के प्रतिकूल प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मितव्ययिता बरतने का आग्रह किया था। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की वकालत की। इसके अतिरिक्त, विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष के लिए सोने की खरीद और विदेश यात्राओं को टालने की सलाह भी दी गई।

# भारत 2030 तक 1500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखे अमिताभ कांत

### ऊर्जा स्वतंत्रता और वैश्विक हरित केंद्र के लिए आह्वान

**नई दिल्ली ।**

पूर्व जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि देश को वर्ष 2030 तक अपनी स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 500 गीगावाट से बढ़ाकर 1,500 गीगावाट करना चाहिए। कांत ने इस कदम को भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित करने और उसे वैश्विक हरित ऊर्जा का एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए आवश्यक बताया। कांत ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक परिचर्चा सत्र में कहा कि भारत का ऊर्जा बदलाव अब केवल जलवायु उद्देश्य नहीं रहा, बल्कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति व्यवधानों के बीच एक रणनीतिक और भू-राजनीतिक अनिवार्यता बन गया है। उन्होंने देश की 85 फीसदी जीवाश्म ईंधन और लगभग 50 फीसदी गैस मांग के लिए आयात पर निर्भरता पर प्रकाश डालते हुए मौजूदा लक्ष्यों को महत्त्वाकांक्षा की कमी वाला बताया। कांत ने देश को पेट्रोल राज्य से एक इलेक्ट्रिक राज्य में बदलने का आह्वान करते हुए पेट्रोल-डीजल इंजन वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए आक्रामक समय-सीमा का प्रस्ताव रखा। इसके तहत 2027 के बाद दोपहिया व तिपहिया वाहनों, 2030 के बाद बसों व ट्रकों और 2032 के बाद चारपहिया वाहनों के पंजीकरण को




बंद करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अपर्याप्त पारेषण बुनियादी ढांचा ऊर्जा परिवर्तन में बड़ी बाधा है, जिससे लगभग 31 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता ठप पड़ी है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग बढ़ने से पहले वितरण कंपनियों के साथ मिलकर पारेषण लाइनें, ग्रिड और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने का आग्रह किया

# निजी अस्पतालों में इलाज करवाना हुआ 10 गुना महंगा रिपोर्ट

### सरकारी अस्पतालों में भी तीन गुना बढ़ा खर्च, ग्रामीण मरीजों पर भारी पड़ा इलाज का बोझ

**नई दिल्ली ।**


राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसएसओ) की स्वास्थ्य पर घरेलू सामाजिक खपत पर आधारित एक ताजा सर्वेक्षण रिपोर्ट ने चिंताजनक आंकड़े पेश किए हैं। बीते तीन दशकों में देश के निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लगभग दस गुना तक बढ़ गया है, जो 1995-96 में 4,822 रुपये से बढ़कर 2025 तक 50,508 रुपये हो गया है। यह भारी वृद्धि न केवल निजी बल्कि सरकारी अस्पतालों में भी देखी गई है, जहां इलाज का खर्च 2,138 रुपये से बढ़कर 6,631 रुपये हो गया है, जो तीन गुना इजाफे को दर्शाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, निजी और सरकारी अस्पतालों के बीच इलाज के खर्च का अंतर अब काफी बढ़ गया है; जो पहले दोगुना था, अब मरीजों को निजी अस्पतालों में सरकारी के मुकाबले सात गुना से अधिक पैसा अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा है। सर्वेक्षण में एक और महत्वपूर्ण बदलाव की ओर इशारा किया गया है। इन तीन दशकों में पहली बार सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले ग्रामीण मरीजों का अपनी जेब से होने वाला खर्च शहरी मरीजों से अधिक पाया गया है। विशेषकर, ग्रामीण परिवारों में सबसे निचले 20 प्रतिशत आय वर्ग में अस्पताल में भर्ती होने की लागत शहरी समकक्षों से ज्यादा है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि राज्यों में यह खर्च अलग-अलग हो रहा है, जहां




सबसे अधिक और सबसे कम खर्च वाले राज्यों के बीच लगभग तीन गुना का अंतर दर्ज किया गया है।

## फैक्टल एनालिटिक्स का चौथी तिमाही में मुनाफा बढ़कर 116 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।**




कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 116 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 55.5 करोड़ रुपये था।फ्रैक्टल एनालिटिक्स के एक अे धिकारी ने कहा कि इस वृद्धि का नेतृत्व स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान खंड ने किया, जिसमें चौथी तिमाही में 82 प्रतिशत और समूचे वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके बाद बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा खंड में पूरे वर्ष में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 17 प्रतिशत बढ़कर 886 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 757.5 करोड़ रुपये थी। अमेरिका क्षेत्र का कंपनी के कुल राजस्व में 68 प्रतिशत योगदान है। इस तिमाही के दौरान इसमें सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यूरोप का योगदान कंपनी के कुल राजस्व में 18 प्रतिशत रहा और जनवरी-मार्च तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# मूडीज ने घटाया भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान, 2026-27 के लिए 6 फीसदी पर स्थिर

### निजी खपत और औद्योगिक सुस्ती, उच्च ऊर्जा लागत बनी मुख्य वजह

**नई दिल्ली ।**

मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में कटौती की घोषणा की है। एजेंसी ने 2026 और 2027 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को 6 प्रतिशत पर संशोधित किया है, जिसका मुख्य कारण निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में कमी के साथ-साथ बढ़ती ऊर्जा लागत है। वैश्विक साख निर्धारण एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अपनी ग्लोबल मैक्रो आउटलुक के मई संस्करण में 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 0.8 प्रतिशत अंक घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। इसके अतिरिक्त, कैलेंडर वर्ष 2027 के लिए भी जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान में 0.5 प्रतिशत अंक की कटौती करते हुए इसे छह प्रतिशत पर ला दिया गया है।मूडीज ने इस संशोधन के पीछे निजी खपत में सुस्ती, औद्योगिक गतिविधियों में नरमी और लगातार ऊंची बनी हुई ऊर्जा लागत को प्रमुख कारण बताया है। एजेंसी ने यह भी चेताया कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों पर उनकी निर्भरता और लचीलेपन के आधार पर अलग-अलग होगा। एजेंसी के अनुसार वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है। मूडीज ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि भारत ऊंची तेल कीमतों




के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। हालांकि, एजेंसी ने यह भी उम्मीद जताई है कि ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों में सुधार आएगा।

# नासिक में प्याज किसान आक्रोशित, नंदगांव मंडी समिति भंग करने की मांग

### ट्रैक्टर भर प्याज फेंककर जताया विरोध, समिति पर निष्क्रियता का आरोप

**नासिक ।**

महाराष्ट्र के नासिक जिले में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट के चलते किसानों का गुस्सा भड़क उठा है। मंगलवार को किसानों के एक संगठन ने नंदगांव कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) को तत्काल भंग करने की मांग की, आरोप लगाया कि यह समिति प्याज की नीलामी कराने में बुरी तरह विफल रही है। उत्पादकों का कहना है कि उन्हें लागत और परिवहन खर्च भी नहीं मिल पा रहा है। इसी विरोध के तहत, सोमवार को किसानों ने नंदगांव एपीएमसी परिसर के बाहर ट्रैक्टर-भर प्याज फेंककर प्रशासन और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी की थी। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने आरोप लगाया कि बाजार समिति निष्क्रिय हो चुकी है और संचालन पर कोई प्रशासनिक नियंत्रण नहीं है। औसत प्याज 800-1,000 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है, जबकि कुछ किस्मों की कीमत 1 से 4 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर गई है। संघ ने कहा, यदि समिति किसानों की उपज की नीलामी नहीं कर सकती, तो उसे भंग कर प्रशासक नियुक्त किया जाए और लापरवाह अधिकारियों को निलंबित किया जाए।

किसानों का कहना है कि नीलामी प्रक्रिया में बाधा से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। संघ ने जल्द राहत न मिलने पर आंदोलन तेज करने की धमकी दी है।

## गोवा सरकार का श्रमिक कल्याण पैकेज उद्योग और संगठन ने सराहा

### मुख्यमंत्री सावंत की घोषणाएं; मृत व घायल श्रमिकों को सहायता, बच्चों की शिक्षा

**पणजी ।**

गोवा सरकार द्वारा श्रमिक वर्ग के लिए घोषित व्यापक कल्याणकारी योजनाओं का राज्य के श्रमिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और स्वयं श्रमिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया है। इन पहलों को कार्यबल को सशक्त बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 1 मई को गोवा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले श्रमिक वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री सावंत द्वारा घोषित योजनाओं में मृत श्रमिकों के परिवारों को 50,000 रुपये और कार्यस्थल पर घायल श्रमिकों को 25,000 रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण, बुजुर्ग माता-पिता के लिए चिकित्सकीय सहायता, बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग और ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति जैसे कदम भी उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा भी सुनिश्चित किया गया है। राज्य ने 20 श्रमिकों को श्रम गौरव श्रमिक मित्र पुरस्कार से सम्मानित भी किया। दीर्घकालिक सेवा को प्रोत्साहित करते हुए, 20



वर्ष से अधिक की सेवा वाले श्रमिक 15,000 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे अब तक 1.4 लाख से अधिक श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। एक उद्योग प्रतिनिधि ने इन पहलों को सरकार की श्रमिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल कौशल आज की दुनिया में आवश्यक हैं और प्रशिक्षण शुल्क की पूर्ण प्रतिपूर्ति से श्रमिकों की रोजगार क्षमता बढ़ेगी। श्रमिक नेताओं ने भी इन कदमों का स्वागत करते हुए विशेष रूप से 15,000 रुपये के प्रोत्साहन, गंभीर बीमारी के दौरान वित्तीय सहायता और एमबीबीएस-इंजीनियरिंग जैसे पेशेवर पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता जैसे लाभों को सराहा। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं श्रमिकों का चिकित्सा खर्च के लिए भविष्य निधि ऋण पर निर्भरता कम करेंगी। विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों ने भी इन उपायों पर खुशी व्यक्त की है।

## भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था के मापन पर जोर, मोस्पी लाएगा नया इंडेक्स

### डिजिटल और रचनात्मक क्षेत्र बन रहे विकास के नए इंजन

**नई दिल्ली ।**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (मोस्पी) के एक अे धिकारी ने भारत की तेजी से बढ़ती रचनात्मक अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए इसके मापन और औपचारीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल और रचनात्मक क्षेत्र अब कृषि और विनिर्माण के बराबर आर्थिक वृद्धि के केंद्र में आ गए हैं।

उन्होंने रचनात्मक अर्थव्यवस्था को सेवा क्षेत्र का अभिन्न अंग बताया, जिसके लिए समर्पित मापन प्रणाली जरूरी है। इस बढ़ते महत्व को देखते हुए, मंत्रालय इस महत्वपूर्ण खंड को मापने के लिए एक इंडेक्स ऑफ सर्विस प्रोडक्शन बनाने की कवायद कर रहा है।

गर्ग ने स्पष्ट कहा, हमें जो हम करते हैं, उसके मापन की जरूरत है।

उन्होंने रचनात्मकता को 2025 में नॉलेज इकॉनमी पर गठित विशेषज्ञों के समूह से जोड़ा, जहां अनुसंधान, विकास,



सॉफ्टवेयर और कलात्मक/मनोरंजन जैसे बौद्धिक संपदा (आईपी) महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूपीओ) का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि अमूर्त वृद्धि के मामले में भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 6.6 प्रतिशत की सबसे तेज गति से बढ़ रहा है।

ग्लोबल इनोवेशन रैंकिंग में भी भारत 2015 के 81वें स्थान से 2025 में 38वें स्थान पर पहुंच गया है, लेकिन इसके बावजूद आईपी फाइलिंग में अभी भी पीछे है।

गर्ग ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान आंकड़े हमारी अर्थव्यवस्था के वास्तविक पैमाने से काफी कम हैं।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और केकेआर का मुकाबला

**रायपुर (एजेंसी)।** आईपीएल में बुधवारा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा।

आरसीबी का लक्ष्य इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाना रहेगा। अंक तालिका में आरसीबी 14 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर है। वहीं केकेआर 9 अंक लेकर काफी पीछे हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस मैच में अगर केकेआर हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। दोनो ही टीमों की तुलना करें तो आरसीबी का इस सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वहीं केकेआर के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। आरसीबी के पास बल्लेबाजी में कप्तान रजत पाटीदार के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और फिल साल्ट जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं गेंदबाजी में भुवनेश्वन कुमार, जैस हेजलवुड और रोमारियो शेफर्ड हैं। टीम के पास क्रुणाल पांड्या जैसा ऑलराउंडर है। क्रुणाल ने इस सत्र में गेंद और बल्ले से काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं आजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर के पास अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, सुनील नरेन के अलावा , कैमरन ग्रीन जैसा ऑलराउंडर है। उसकी गेंदबाजी की कमान स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, कार्तिक त्यागी के पास रहेगी। टीम के पास ऑलराउंडर के तौर पर सुनील नरेन और रोवमैन पॉवेल जैसे खिलाड़ी हैं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो के बीच 36 मुकाबले हुए हैं। इसमें से केकेआर ने 20 जबकि आरसीबी ने 15 जीते हैं। वहीं एक मैच का परिणाम नहीं निकला।




### टीम इस प्रकार है

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू:** विराट कोहली, जैकब बैथल/फिल साल्ट, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, रसिख सलाम डार।, इम्पैक्ट प्लेयर- देवदत्त पडिक्कल

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, कार्तिक त्यागी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, इम्पैक्ट प्लेयर- फिन एलन

# विश्वकप 2027 के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहते हैं क्रुणाल



**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में रॉयल चैलेंसर्स की ओर से शानदार प्रदर्शन कर रहे क्रुणाल पांड्या का कहना है कि उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाना है। पांड्या का प्रदर्शन आईपीएल में गेंद और बल्ले दोनो ही अच्छा रहा है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि चयनकर्ता विश्वकप के लिए उनके नाम पर भी विचार करेंगे। इस क्रिकेटर के अनुसार उनका लक्ष्य केवल आईपीएल में ही अच्छा प्रदर्शन करना नहीं है। उनकी नजरें 2027 एकदिवसीय विश्व कप में अवसर मिलने पर बेहतर खेल दिखाना है। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित किया जाएगा। क्रुणाल ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 73 रन बनाकर आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। पांड्या ने साल 2027 विश्व कप में खेलने और राष्ट्रीय टीम में वापसी की अपनी इच्छा जतायी। उन्होंने कहा, जब मैं 6-7 साल का था, तो मैं देश के लिए खेलना चाहता था। अभी भी, यही लक्ष्य है। अगले साल विश्वकप होने वाला है। जिसके लिए मैं जगह बनाना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है किमैं अच्छा करता रहूंगा। साथ ही कहा कि अगर मुझे अवसर मिलता है तो ये मेरे परिवार के लिए विशेष अवसर होगा। क्रुणाल करीब पांच साल से टीम से बाहर हैं। जुलाई 2021 में उन्हें अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अवसर मिला था। अब तक उन्होंने 5 एकदिवसीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 5 एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 65 के प्रभावशाली औसत और 101.56 के स्ट्राइक रेट से 130 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 58 रन हैथा। वहीं घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। लिस्ट ए क्रिकेट में, उन्होंने 98 मैचों में 3001 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 38.47 और स्ट्राइक रेट 88.03 रहा है। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 17 अर्धशतक भी लगाये हैं। एक ऑलराउंडर के रूप में, उन्होंने 118 विकेट भी लिए हैं। इन आंकड़ों और आईपीएल में प्रदर्शन को देखते हुए, क्रुणाल चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास कर रहे हैं।

# गावस्कर को पंजाब और बेंगलुरु के बीच फाइनल होने की उम्मीद



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इस बार पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल फाइनल में पहुंचेगी। गावस्कर के अनुसार खेल में मिली हार भी कभी-कभी किसी टीम के लिए लाभदायक साबित होती है, इसलिए पिछले एक दो मैचों में हार से भी पंजाब की दावेदारी कमजोर नहीं हुई है । उन्होंने कहा, मैं अब भी पंजाब किंग्स का समर्थन करूंगा। कई बार कुछ हार टीम को बेहतर तरीके से अपने को तैयार करने का अवसर देती हैं। इससे खिलाड़ी भी अति आत्मविश्वास से बचते हैं। उन्होंने कहए कि दिल्ली कैपिटल्स के पास भी इस सत्र में जीत के कई अवसर थे पर उसने उन्हें गंवा दिया। पंजाब किंग्स इससे सबक लेते हुए अब कोई गलती नहीं करना चाहेगी।

पंजाब किंग्स ने सत्र की शुरुआत से ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए शुरुआती सात मैचों में जीत हासिल की थी। हालांकि, इसके बाद टीम को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी 13 अंकों के साथ टीम अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। वहीं आरसीबी ने हाल ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर दो विकेट से जीत दर्ज कर समीकरण पूरी तरह बदल दिए हैं। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ, आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है, उसने 11 मैचों में अपनी सातवीं जीत हासिल की और प्लेऑफ की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस बाहर हो गयी है। गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के बाकी बचे मुकाबलों को लेकर कहा, टी200 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आम बात है। सत्र समाप्त खत्म होने के बाद टीम को अपनी गलतियों का आंकलन चाहिए। लेकिन फिलहाल मुझे लगता है कि सीनियर खिलाड़ियों ने अपना पूरा योगदान दिया है। उन्होंने सुझाव दिया, अब बाकी मैचों में युवा खिलाड़ियों को मौका देना सही रहेगा। इससे फ्रेंचाइजी को यह जानने का मौका मिलेगा कि ये युवा खिलाड़ी दबाव में कैसा प्रदर्शन करते हैं और भविष्य में टीम के लिए कितने उपयोगी साबित हो सकते हैं।

# धोनी लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खेलेंगे?

## चेन्नई सुपर किंग्स के अगले मैच से पहले मिला बड़ा संकेत

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी के बाकी टीम के साथ लखनऊ जाने की उम्मीद है। हालांकि वह इस मैच का हिस्सा होंगे या नहीं यह बात सामने नहीं आई है। लेकिन इससे CSK फैंस में धोनी को एक बार फिर मैदान में खेलते देखने की उम्मीद जरूर जगी है। CSK इंडियन प्रीमियर लीग (CSK) 2026 के अपने अगले मैच में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स (LSG) टीम का सामना करेगी जो शुक्रवार 15 मई को एकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली CSK इस मैच को जीतकर प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना चाहेगी।



धोनी अपनी पिंडली की चोट के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। शुरुआती मैचों में तो वे पूरी तरह से टीम से बाहर थे, लेकिन सीजन के बीच में उन्होंने मुंबई इंडियंस (MI) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) जैसी टीमों के खिलाफ खेले गए 'अवे' (बाहरी) मैचों के लिए टीम के साथ सफर करना शुरू कर दिया था। हालांकि, कुछ रिपोर्टों में कहा गया था कि वापसी की कोशिश करते समय उनकी चोट और बढ़ गई थी, जबकि कुछ का मानना था कि वे टीम के मौजूदा तालमेल को बिगाड़ना नहीं चाहते, क्योंकि इस तालमेल ने टीम को अच्छे नतीजे दिए हैं। इसी वजह से वे छ्स्य के हालिया अरुण जेटली स्टेडियम दौरे का हिस्सा नहीं थे, जहाँ टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की थी।

रेवस्पोर्ट्ज की एक रिपोर्ट के अनुसार धोनी लखनऊ जाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी के कल लखनऊ जाने की संभावना है।' अगर CSK लखनऊ को हराने में कामयाब हो जाती है, तो उसके पास टॉप चार टीमों में जगह बनाने का मौका होगा। स्त्त पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। छ्स्य का इस सीजन में अब सिर्फ एक घरेलू मैच बचा है, जो सोमवार 18 मई को शानदार प्रदर्शन कर रही सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के खिलाफ खेला जाएगा।

# न्यूजीलैंड की टी20 क्रिकेट लीग अब 2027-28 में शुरु होगी




ऑकलैंड ।भारत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सफलता से उत्साहित होकर न्यूजीलैड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी ) ने भी साल 2027 से एक टी20 लीग शुरु करने की योजना बनायी थी जो अब टालने पड़ी है ।न्यूजीलैड बोर्ड के अनुसार अब ये लीग साल 2027-28 की गर्मियों में शुरु होगा ।बोर्ड ने देरी का कारण बताते हुए कहा है कि संभावित निवेशकों और हितधारकों के साथ चल रही बातचीत को अंतिम रूप देने और लीग को सफलतापूर्वक स्थापित करने के लिए अधिक समय की जरुरत महसूस हुई ।बोर्ड ने हालांकि कहा कि निवेशकों के साथ उसकी चर्चाएं रचनात्मक रही हैं ।जनवरी 2027 में प्रस्तावित लॉन्च को देखते हुए कई तरह के कामों में काफी विकास भी हुआ पर बोर्ड को लगा कि लीग शुरु करने के लिए अभी और काम होने हैं जिसके लिए अतिरिक्त समय की जरुरत है । ।लॉन्च में देरी का एक मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर भी है ।जनवरी और फरवरी में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ अहम टेस्ट सीरीज तय होने के कारण, लीग के लिए पर्याप्त विंडो मिलना कठिन हो रहा था ।यह मामला हितधारकों के साथ चर्चा के दौरान सामने आया, जिसके चलते लॉन्च को आगे बढ़ाया गया है ।बोर्ड की चेयरपर्सन, डायना पुकेटापु-लिंडन ने इस बदलाव का समर्थन करते हुए कहा, हमारा प्राथमिक ध्यान यह तय करना है कि न्यूजीलैंड में घरेलू टी20 क्रिकेट का भविष्य बेहतर, प्रतिस्पर्धी और वैश्विक खेल के साथ जुड़ा हो ।हम न्यूजीलैंड 20 के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और अब तक हुई प्रगति से उत्साहित हैं ।अभी और समय लेने से यह तय करने में सहायता मिलेगी कि यह प्रतिस्पर्धा लंबे समय तक सफल रहे ।वहीं मैकिनॉन ने कहा कि इस संशोधित लॉन्च विंडो से अंतत : प्रशंसकों को ही लाभ होगा ।उन्होंने कहा, दिसंबर 2027 में लॉन्च करके, हम यह पक्का कर सकते हैं कि यह प्रतिस्पर्धा पहली ही गेंद से उम्मीदों पर सही साबित उतरे और प्रशंसकों, खिलाड़ियों और साझेदारों को वह अनुभव प्रदान करे जिसके वे अधिकारी हैं ।हमारा लक्ष्य एक ऐसा टूर्नामेंट बनाना है जो शुरुआत से ही यादगार हो ।बोर्ड इसके सफल आयोजन के लिए पूरा प्रयास कर रहा है ।

# बीसीसीआई ने धीमी ओवर गति के लिए अक्षर पर जुर्माना लगाया

धर्मशाला ।दिल्ली कैपिटल्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत का जश्न मना भी नहीं पायी कि टीम के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लग गया है ।आईपीएल ने मंगलवार सुबह एक बयान जारी कर अक्षर पर जुर्माना लगाये जाने की पुष्टि की है ।इस बयान में कहा गया, 'यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, जो आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत आता है और न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है ।इसलिए अक्षर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है ।'

इस मैच में दिल्ली ने 211 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज थी ।दिल्ली ने 19वें ओवर में तीन विकेट से जीत हासिल की ।यह इस सत्र में उनकी पांचवीं जीत है ।इसके साथ ही टीम के 12 मैचों में 10 अंक हो गए हैं ।इस जीत से कैपिटल्स अंक तालिका में एक स्थान के लाभ के साथ ही सातवें स्थान पर पहुंच गई है ।अक्षर ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया ।कैपिटल्स से पहले भी इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए कई टीमों के कप्तानों पर जुर्माना लगा है ।

# पंड्या की जगह पर बुमराह को कप्तान बनाये मुम्बई : मांजरेकर

मुम्बई ।मुम्बई इंडियंस के आईपीएल के 19 सत्र से बाहर होने के बाद से ही टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रशंसकों के निशाने पर हैं ।प्रशंसकों ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए हार्दिक को कप्तानी से हटाने की मांगे की है ।इस सत्र में मुम्बई इंडियंस केवल तीन ही मैच जीती है ।पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने कि है कि हार्दिक की जगह पर जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाया जाना चाहिये । मांजरेकर ने कहा कि फ्रेंचाइजी को अपने नेतृत्व पर पुनर्विचार करते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज बुमराह को टीम की कप्तानी संभालने का अवसर देना चाहिये। मांजरेकर ने कहा कि मैं बुमराह को भारत की कप्तानी करते देखना चाहता हूं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि कोई भी खेल को उनके जितना बेहतर समझता है, उनकी गेंदबाजी में केवल एक्शन ही नहीं, बल्कि पूर्वानुमान, बल्लेबाज को पढ़ना, स्थिति को समझना और पिच को जानना भी शामिल है। उन्हें भारतीय टीम की कप्तानी तो नहीं मिली पर आईपीएल में जरुर मिलनी चाहिये। मांजरेकर ने कहा कि जब मुम्बई ने हार्दिक को शामिल किया था, तभी उन्हें कोच आशीष नेहरा को भी ले लेना चाहिये था ।हार्दिक और नेहरा ने गुजरात टाइटंस में एक सफल साझेदारी बनाई थी। मांजरेकर के अनुसार उन्हें हार्दिक पांड्या के अलावा किसी और विकल्प पर भी विचार करना होगा क्योंकि उनकी कप्तानी सफल नहीं रही है। मांजरेकर के अनुसार टेस्ट कप्तान की तुलना में आईपीएल में कप्तानी करना बुमराह के लिए अपेक्षाकृत आसान होगा ।इसका कारण है कि इसमें अधिक दबाव नहीं रहता है ।



# बंगलादेश ने पाकिस्तान को 104 रन से हराया, नाहिद राणा ने झटके 5 विकेट

**ढाका (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज नाहिद राणा के पांच विकेट की बदौलत बांग्लादेश ने मंगलवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन 104 रन से जीत हासिल की। बांग्लादेश के 268 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 163 रन पर सिमट गया जिसमें नाहिद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 40 रन देकर पांच विकेट चटकाए। चाय के बाद उन्होंने अपने तीन ओवर में पांच रन देकर सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान और नोमान अली को आउट किया। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 40 रन पर दो विकेट चटकाए।




बांग्लादेश को पहली सफलता तास्किन ने दिलाई जब उन्होंने इमाम उल हक (02) को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच कराया। पदार्पण करने वाले दो खिलाड़ी सलामी बल्लेबाज अजान अवैस (15) और अब्दुल्ला फजल (66) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन (47 रन पर एक विकेट) ने पहली पारी में शतक जड़ने वाले अवैस को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।

नाहिद ने कप्तान शान मसूद (02) को विकेट के पीछे कैच कराके पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 68 रन किया। फजल ने सलमान आगा (26) के साथ पारी को संभाला लेकिन चाय के ब्रेक के बाद बांग्लादेश ने जल्दी-जल्दी दो विकेट लेकर वापसी की। बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम (22 रन पर दो विकेट) ने फजल को पगबाधा करके सलमान के साथ उनकी 51 रन की साझेदारी तोड़ी। तास्किन ने सलमान आउट करके पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 121 रन किया। शकील (15) और रिजवान (15) ने पाकिस्तान की उम्मीद जगाई लेकिन नाहिद ने तीन ओवर में तीन विकेट लेकर बांग्लादेश को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

नाहिद ने शाहीन शाह अफरीदी (00) को महमूदुल हसन जॉय के हाथों कैच कराके बांग्लादेश को जीत दिलाई और अपने करियर में दूसरी बार पारी में पांच विकेट भी पूरे किए।

इससे पहले कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के 87 रन की मदद से बांग्लादेश ने पाकिस्तान को जीत के लिए 268 रन का लक्ष्य दिया। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 152 रन से करने के बाद दूसरी पारी नौ विकेट पर 240 रन घोषित की। मेजबान टीम ने मुश्किल लक्ष्य देने के लिए आक्रामक रवैया दिखाया जिसमें शंटो ने शानदार प्रदर्शन किया।

हसन अली ने मुशफिकुर रहीम को आउट करके पाकिस्तान को शुरुआती सफलता दिलाई। शंटो ने इसके बाद मोर्चो संभाला और अपनी पारी में सात चौके लगाए। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली (76 रन पर तीन विकेट) ने पगबाधा किया। मेहदी हसन ने 24 रन बनाकर बढ़त को 250 रन के पार पहुंचाया। हसन अली (52 रन पर तीन विकेट) ने तास्किन को इमाम के हाथों कैच कराया जिसके बाद बांग्लादेश ने 76 ओवर बाकी रहते पारी घोषित कर दी। बांग्लादेश ने पहली पारी में 413 रन बनाए थे और फिर पाकिस्तान को 386 रन पर आउट करके 27 रन की बढ़त हासिल की थी। दूसरा टेस्ट शनिवार से सिल्हेट में शुरू होगा।

# विनेश को ट्रायल की अनुमति दिलाने साक्षी मलिक ने प्रधानमंत्री और खेल मंत्री से सहायता मांगी

नई दिल्ली ।ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से अपील करते हुए कहा है कि विनेश फोगाट को ट्रायल की अनुमति दिलाने के लिए वे हस्तक्षेप करें ।साक्षी ने कहा कि विनेश को देश के लिए पदक जीतने और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने का अवसर मिलना चाहिए ।साक्षी ने कहा कि विनेश को कुश्ती महासंघ वापसी के अवसर नहीं दे रहा है ।महासंघ ने विनेश को ट्रायल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है ।साक्षी ने स्वीकार किया कि वह कुछ दिनों से इस पर विचार कर रही थीं, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ी विधायक हैं जबकि उनका स्वयं किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है ।अपने वीडियो में साक्षी ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों के उदाहरण दिए, जो महिला एथलीटों, विशेषकर मां बनने के बाद वापसी करने वाली खिलाड़ियों के लिए नियमों को लचीला बनाते हैं, जिससे वे खेल में बने रहें और अपने देश के लिए पदक जीत सकें ।इसके विपरीत, साक्षी ने भारतीय कुश्ती महासंघ की आलोचना करते हुए कहा कि फेडरेशन ने दो दिन पहले ऐसे नियम लागू कर दिए हैं जो विनेश की वापसी को कठिन बनाते दिख रहे हैं ।उन्होंने प्रधानमंत्री, खेल मंत्री और कुश्ती महासंघ से विनम्र निवेदन किया कि विनेश का ट्रायल लिया जाए ।साक्षी का मानना है कि इससे विनेश न केवल देश का नाम रोशन करेंगी, बल्कि एक ऐसा प्रेरणादायक उदाहरण भी पेश करेंगी कि भारतीय महिलाएं मां बनने के बाद भी खेल के मैदान में लौटकर देश के लिए पदक जीत सकती हैं ।गौरतलब है कि शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ ने विनेश फोगाट को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया था ।डब्ल्यूएफआई ने विनेश पर अनुशासनहीनता और कथित तौर पर डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है, जिसके लिए उनसे चार आरोपों पर जवाब मांगे गए हैं ।महासंघ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि विनेश 26 जून 2026 तक किसी भी घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगी ।

# शाहीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले पाकिस्तान के नौवें गेंदबाज बने

मीरपुर ।पाकिस्तान के मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में एक विकेट लेने के साथ ही अपने 400 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे कर लिये हैं ।शाहीन ये उपलब्धि अपने नाम करने वाले पाक के नौवें गेंदबाज बन गये हैं ।एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है ।इस मुकाबले के चौथे दिन शाहीन ने बांग्लादेशी बल्लेबाज मोमिनुल हक को आउट करते ही अपने 400 विकेट पूरे किये । वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 100 विकेट पूरे करने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए हैं। अब उनके नाम डब्ल्यूटीसी में कुल 103 विकेट दर्ज हैं, जो उन्हें इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में पाक की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज बनाता है । इस सूची में नोमान अली 89 विकेट के साथ दूसरे और साजिद खान 63 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं ।गौरतलब है कि शाहीन से पहले पाक के लिए आठ दिग्गज गेंदबाजों ने 400 या उससे अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं । इस विशिष्ट क्लब में शामिल होकर शाहीन ने अपनी जगह महानतम खिलाड़ियों की पंक्ति में बना ली है ।पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में वसीम अकरम 916 विकेट के साथ नंबर एक पर हैं, उनके बाद वकार यूनिस 789, इमरान खान 544, शाहिद अफरीदी 538, सकलैन मुश्ताक 496, सईद अजमल 447, शोएब अख्तर 438 और उमर गुल 427 विकेट के साथ मौजूद हैं ।शाहीन में 400 विकेट के साथ नौवें स्थान पर हैं । शाहीन ने अब तक 74 एकदिवसीय मैचों में 139 विकेट लिए हैं, जबकि 103 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी उन्होंने 136 विकेट हासिल किए हैं ।इस गेंदबाज ने केवल 211 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 400 विकेट पूरे किए हैं ।

# नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी, सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में करेंगे डेब्यू

**रोम(एजेंसी)।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिष्ठित एथलेटिक्स सीरीज़ के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है। नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है। उन्हें आखिरी बार सितंबर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशाजनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे।

नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नज़रें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है। 26 वर्षीय सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह फाइनल में 86.27मी के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और पदक जीतने से बाल-बाल चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था।

रोम 2026 डायमंड लीग में सचिन का मुकाबला कई दिग्गज खिलाड़ियों से होगा, जिनमें ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर, रियो 2016 के चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेकिया के याकूब वाडलेज शामिल हैं। अमेरिका के कटिर्स थॉम्पसन, पोलैंड के डेविड वेगनर और श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे - जो इस समय दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी हैं - भी इस मुकाबले में शामिल होंगे।

सचिन यादव ने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज मीट के साथ घरेलू सर्किट पर अपना 2026 सीज़न पहले ही शुरू कर दिया है, जहां वह 81.95मी के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि पुरुषों का भाला फेंक इवेंट भी 31 मई को मोरक्को में होने वाली रबात डायमंड लीग का हिस्सा होगा, लेकिन मोरक्को में होने वाली इस मीट के लिए एंट्री लिस्ट की घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

दूसरी ओर, भारत की पारुल चौधरी, जिनके नाम महिलाओं की 3000मी, 5000मी और 3000मी स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं, 16 मई को शंघाई डायमंड लीग 2026 में स्टीपलचेज दौड़ में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह भारतीय एथलीट अपनी तीसरी डायमंड लीग मीट में हिस्सा लेंगी। पारुल, जो मौजूदा एशियाई खेलों की 5000मी चैंपियन हैं, 2024 में यूजीन में 16वें स्थान पर रही थीं और पिछले साल दोहा में छठे स्थान पर आई थीं। शंघाई में उनका मुकाबला केन्या की मौजूदा विश्व चैंपियन फेथ चेरोटिछ, कज़ाकिस्तान की पूर्व विश्व चैंपियन नोराह जेरुतो और युगांडा की पूर्व ओलंपिक चैंपियन पेरुथ चेमुताई से होगा।




शंघाई मीट के साथ ही 2026 डायमंड लीग सीजन की शुरुआत भी हो जाएगी, क्योंकि दोहा लेग-जिसे मूल रूप से ओपनर के तौर पर रखा गया था-को 8 मई से बदलकर 19 जून कर दिया गया है। सचिन और पारुल दोनों ही आने वाली डायमंड लीग मीट और दुनिया भर के शीर्ष एथलीटों के साथ होने वाली प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाकर, आगे आने वाले व्यस्त सीजन के लिए अपनी लय बनाने की कोशिश करेंगे; इस सीजन में 2026 के एशियाई खेल भी शामिल हैं।

# कुछ उपयोगी टिप्स



- सुबह घूमने या व्यायाम के तुरंत बाद कुछ भी खाएँ-पिएँ नहीं। आप आधे घंटे के अंतराल से हल्का नाश्ता या जूस आदि ले सकते हैं।
- स्वीमिंग या अन्य कोई भी अधिक कैलोरी खर्च करने वाली एक्सरसाइज-भी तब तक कारगर नहीं होगी जब तक आप खान-पान को नियमित नहीं करेंगे।
- भूखे रहकर वजन घटाने की गलती कभी मत कीजिए,-इससे आपका शरीर डायबिटीज,-उच्च रक्तचाप,-तनाव आदि रोगों का घर बन सकता है।
- स्वस्थ रहने का सबसे अच्छा मंत्र-है- नियमित खान-पान तथा व्यायाम। इसका कोई विकल्प नहीं है।

# साबूदाना चाट

**सामग्री :** साबूदाना 200 ग्राम, 3 या 4 उबले हुए आलू, 2 चम्मच घी, आधा चम्मच जीरा, हरा धनिया, 4 से 5 हरी मिर्च, नींबू का रस, एक छोटी कटोरी आलू का किस तला हुआ, ककड़ी या खीरा, एक छोटी कटोरी मूँगफली, शक्कर, हरा धनिया, एक बड़ी कटोरी हरा धनिया।

**विधि :** साबूदाने को भिगोकर उसका पानी निकाल दें और 2 घंटे के लिए रख दें। अब उसमें घी, जीरे का तड़का लगाएँ और कटे हुए आलू, हरा धनिया, हरी मिर्च, पिसी मूँगफली, नींबू का रस डालकर साबूदाने की खिचड़ी बना लें। ककड़ी या खीरा किसके रख लें।

अब खिचड़ी को अलग-अलग प्लेट्स में लगाकर इसमें 2 या 4 चम्मच मूँगफली, इतना ही आलू का तला हुआ किस, उस पर एक बड़ा चम्मच दही, 3 या 4 चम्मच ककड़ी, आधा चम्मच शक्कर डालकर परोसें।





# घटाएँ बढ़ती कमर पाएँ छरहरा बदन

**ग्लैमर** जगत के चमकते सितारों को देखकर हम भी उनकी तरह दिखने की ख्वाहिश रखते हैं। करीना, बिपाशा, शाहरुख, आमिर ... बॉलीवुड के इन सभी चमकते सितारों की कामयाबी का मुख्य कारण इनका छरहरा बदन व आकर्षक व्यक्तित्व है। हम सब भी यही चाहते हैं कि हमारे शरीर का भार नियंत्रित हो ताकि हम खूबसूरत दिखने के साथ-साथ अपने कार्य को भी आसानी से संपादित कर पाएँ।

आजकल हमारी व्यस्तताएँ इतनी अधिक होती हैं कि सुबह-सुबह वॉकिंग पर जाना या फिर शाम को जिम में जाकर कसरत करना व पसीना बहाना हर किसी के बस की बात नहीं होती है। इन सभी कामों के लिए वक्त चाहिए, जिसकी हमारे पास बहुत कमी है। लेकिन यदि कोई आपसे कहे कि आप कसरत किए बगैर भी अपना वजन नियंत्रित कर सकते हैं तो आप बगैर किसी सोच के उन उपायों के बारे में जानना चाहेंगे। आइए जानते हैं क्या हैं वे उपाय, जिनसे आप अपना पसीना बहाए बगैर आप अपना वजन कम कर सकते हैं :

- सेब स्वास्थ्य और सौंदर्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है। यदि आप रोज सुबह उठकर नियम से एक सेब खाने की आदत डालेंगे तो इससे आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और सौंदर्य भी।
- सूप से यदि आप अपने डिनर की शुरुआत करते हैं तो यह आपका मोटापा कम करने में कारगर सिद्ध होगा। सूप की खासियत यह होती है कि यह आपको भूख से तृप्ति दिलाने के साथ-साथ दूसरे भोजन की चाहत को कम कर देता है।
- टीवी देखते समय भी यदि आप कमरे में इधर-उधर टहलते हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद होगा।
- धीरे-धीरे व चबा-चबाकर भोजन करने से आपके भोजन का पाचन अच्छे से होता है तथा आपको बार-बार भूख भी नहीं लगती है।
- वजन कम करने के लिए ग्रीन टी चाय का बेहतर विकल्प है। यह आपके शरीर की चर्बी को कम करती है।
- क्रीम वाले दूध के बजाय स्किम्ड मिल्क का इस्तेमाल करना मोटापा कम करने का एक अच्छा उपाय है।

# आज भी दोमुँहा है समाज महिलाओं के प्रति

**कहने** को औरत की दुनिया बदल रही है, लेकिन क्या सचमुच बदली है? आंशिक रूप से बदलाव आया है, पर अभी बहुत कुछ शेष है। आज भी गलत परंपराओं, अंधविश्वासों और दूषित मान्यताओं ने भारतीय समाज को जकड़ रखा है। इसी का परिणाम है कि हमारे यहाँ तलाकशुदा, परित्यक्ता और विधवा स्त्रियों के संबंध में कोई अच्छी धारणा नहीं है।

तलाकशुदा और परित्यक्ता को हेय दृष्टि से देखा जाता है। माना जाता है कि खोट कहीं न कहीं उन्हीं में होगी। युवा होने पर तो उन्हें और भी संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। उन्हें समाज में वांछित सम्मान नहीं मिलता, जबकि एक सच्चाई यह भी है कि अक्सर भूल स्त्री की नहीं होती। स्त्री तो अधिकांशत: तलाक बचाने की कोशिश करती है। कभी बच्चों के कारण, कभी परिवार को टूटने से बचाने के लिए और कभी घर की बात बाहर न जाए, इस खातिर। घर की इज्जत बचाने की जवाबदारी भी स्त्री के ही खाते में है। कैसी विडंबना है कि पुरुष को कभी 'परित्यक्त' नहीं कहा जाता, जबकि स्त्री के आगे झट से 'परित्यक्ता' लगा दिया जाता है। दूसरा पुरुष भी उसे संदेह की दृष्टि से देखता है और उसे स्वीकारने से पूर्व दस बार सोचता है।

पुरुष जब भी विवाह के लिए विज्ञापन छपवाता है, उसे सदैव सुशील, शिक्षित, गृहकार्य में दक्ष, सुंदर, कुँआरी कन्या की अपेक्षा होती है। विधवा या परित्यक्ता को अपनाने के लिए भी वह तब तैयार होता है, जब खुद अधेड़ या विधुर हो अथवा जब काफी प्रयत्नों के बाद भी उसे कोई लड़की नहीं मिल पा रही हो। उसकी यह अपेक्षा भी होती है कि विधवा-परित्यक्ता स्त्री संतानविहीन हो, भले ही पहली पत्नी से खुद उसकी दो-तीन संतानें हों। यह दोहरा मापदंड पुरुष के अहम् को उसकी सत्ता तथा उसके 'अपर हैंड' होने की मानसिकता को दर्शाता है।

इसी तरह युवा स्त्री के विधवा होने का दोष भी उसी के माथे मढ़ दिया जाता है। सास कहती पाई जाती है- 'अभागन तेरे ही भाग्य फूटे थे कि मेरे बेटे की मौत हो गई'। दु:ख में डूबी बेचारी बहू (पत्नी) यह भी नहीं कह पाती कि तुम्हारा भी तो बेटा था। क्या यह तुम्हारा दुर्भाग्य नहीं हो सकता?

यही नहीं, यदि विवाह हुए अधिक समय न हुआ हो और कोई संतान भी न हो तो कोशिश होने लगती है कि विधवा या तो मायके चली जाए अथवा अन्य से विवाह कर ले। मन में सोच यह रहती है कि कुछ समय पूर्व ही परिवार में आई स्त्री, यहीं रह गई तो संपत्ति में हिस्से की हकदार हो जाएगी । वस्तुत: जिस घड़ी पीड़ित स्त्री को सहानुभूति और विश्वास मिलना चाहिए, उस घड़ी उसके साथ दुर्व्यवहार होता है। शुभ प्रसंगों से उसे दूर, अलग रखा जाता है।

एक उदाहरण से यह और स्पष्ट हो जाएगा।



चौथी तक पढ़ी, साफ-सुथरी, सुदर्शना, तुलसा (कल्पित नाम) का पति होर्डिंग लिखने वाला पेंटर था और सौ-डेढ़ सौ रुपए रोज आराम से कमा लेता था। तुलसा दो बच्चों की पढ़ाई और घर-खर्च में हाथ बँटाने की दृष्टि से आसपास के बंगलों में भांडे-कपड़े, झाड़ू-पोंछा का काम करने लगी थी। स्वाभिमानी तुलसा अपनी शर्तों पर काम करती थी। कभी एक कप चाय की माँग भी नहीं करती। बहुत ईमानदार थी। नागा (छुट्टी) बहुत कम करती थी, इसलिए तुलसा का अपना रुआब था, अपना साम्राज्य।

एक दिन होर्डिंग (बोर्ड) टाँगते हुए तुलसा के पति का पैर फिसला और वह नीचे आ गिरा। सिर में ऐसी गहरी चोट आई कि दो दिन बाद ही चल बसा। तुलसा पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। तेरह दिनों के बाद काम पर जाना शुरू किया, तो महसूस किया कि मेमसाब लोगों के व्यवहार में बदलाव आने लगा है। यह भाव कि अब तो असुरक्षित है, भाव खाएगी तो जाएगी कहाँ? अत: धीरे-धीरे टोका-टोकी शुरू हुई- 'तुलसा आज आने में बहुत देर कर दी', 'आजकल छुट्टियाँ कुछ ज्यादा ही करने लगी है', 'देख, बर्तन में जूठन रह गई है'। एक बार मजबूर हो बच्चों की फीस के लिए माह समाप्त होने से कुछ दिन पूर्व वेतन माँग लिया था, तो मेहरा मेम साहब (कल्पित नाम) ने बहाना बनाकर बड़ी तरकीब से टाल दिया था।

बात यहीं खत्म नहीं हुई। महिलाएँ भले ही असंवेदनशील हो रही हों, पर पुरुषों की सहानुभूति तुलसा के प्रति बढ़ रही थी। पहले कभी उससे बात न करने वाले पुरुष अब यदा-कदा उसके साथ हँसी-मजाक करने लगे थे। पत्नियों से कहते, 'बेचारी दुखी है, ज्यादा परेशान मत करो'। तुलसा के प्रति मि. मेहरा की सहानुभूति और कोशिशें बढ़ती जा रही थीं। मिसेस मेहरा ने इसे भाँप लिया था। वह पति से तो कुछ कहने का साहस नहीं कर पाई, लेकिन एक दिन तुलसा से उन्होंने अवश्य कहा, 'तुलसा, जब साहब नहाकर निकले, तब तू उनके सामने न जाया कर, और हाँ, जब सोए हों तो बेडरूम में झाड़ू-पोंछे के लिए जाने की जरूरत नहीं है'। सुनकर तुलसा को बहुत बुरा लगा था। लगा जैसे उसे निर्वस्त्र कर दिया गया हो। अपना पाप दूसरों पर डालने की घिनौनी कोशिश लगी थी उसे, पर मजबूर थी। पहले की स्थिति होती तो उसी क्षण काम छोड़ देती। फिर भी उसने निश्चय किया कि पहली तारीख बाद काम छोड़ देगी। इसलिए भी कि उसे यह आशंका थी कि अचानक काम बंद करने से हो सकता है कि अगले दिन से मेहरा मेमसाब आस-पड़ोस में कहती फिरे कि कुलच्छनी थी, साहब पर डोरे डाल रही थी इसलिए मैंने तत्काल निकाल दिया। वही बात, पकड़े जाने पर अपराधी उलटकर हमला करता है।

तुलसा की व्यथा-कथा का पता नहीं चलता, यदि कुछ दिनों बाद वह यह गाथा मेरी पत्नी को नहीं सुनाती। तुलसा हमारे यहाँ छ: वर्षों से काम कर रही थी। उसने यह भी बताया था जिस दिन यह वाकया हुआ था, घर लौटकर बच्चों से लिपटकर वह बहुत रोई थी। यह केवल एक उदाहरण था। पता नहीं ऐसी कितनी तुलसाएँ अलग-अलग तरह के दंश झेलती रहती हैं और झेलती रहेंगी, अगर समाज की मानसिकता में बदलाव नहीं आया तो।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार है। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू): आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबत रहेगा। इच्छित कार्य सफल



संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव उपसंपादक
राकेश द्विवेदी

उक्त सभी पद अवैतनिक है


## काकुरो पहेली - 3887




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3886 का हल



## लॉफिंग जोन

बड़े लंबे अरसे बाद दो पुराने पड़ोसी दोस्त मिले। एक-दूसरे का हालचाल पूछने पर मालूम हुआ कि दोनों शादी कर चुके हैं।

पहला उत्सुकतावश बोला- कैसी है तुम्हारी पत्नी?

दूसरे ने चहककर बताया- मेरी पत्नी का क्या कहना यार! वो तो स्वर्ग की अप्सरा है अप्सरा...!

पहला मायूस होकर दबे स्वर में बोला- खुशकिस्मत हो भाई! मेरी तो अभी जिंदा है....।

□ □ □

बहुत दिनों के बाद पुराने मित्रों का मिलन हुआ। रमेश ने पूछा- तुम्हारी उस प्रेमिका का क्या हुआ, जिसके तुम बहुत बड़े आशिक हुआ करते थे, उस जमाने में।

नरेश- कुछ खास नहीं! उसकी माँग इतनी बड़ी थी कि मुझे उससे रिश्ता तोड़ना पड़ा।

रमेश- अच्छा! लेकिन तुम्हारी प्रेमिका की माँग क्या थी?

नरेश- तुमसे शादी करने की।

□ □ □

एक बच्चाा तालाब में डूब रहा था। सभी देख रहे थे। किसी में हिम्मत न थी कि बच्चो को बचा लाए। तभी एक साहब ने छलांग लगा दी और बच्चो को बचा लिया। दर्शकों में से एक बोला - बडी हिम्मत की आपने ।

वह व्यक्ति बोला - हिम्मत की ऐसी-तैसी, पहले यह बताओ, मुझे धक्का किसने दिया था ?

## फिल्म वर्ग पहेली- 3887



**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3886



## सूडोकु -3887


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3886 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3887



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली -3886 का हल




सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी